

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हम - 12



बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक- 12



भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा : जयशंकर - 13



टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने युनाइटेड किंगडम - 14

आज का मौसम
28.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.03


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 04:57 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 179, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 5 रुपये


## अडानी समूह एआई डेटा सेंटर के लिए 100 अरब डॉलर करेगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- नवीकरणीय ऊर्जा से सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने की योजना

अडानी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की मंगलवार को घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत 'एनर्जी-कंप्यूट' प्रतिबद्धताओं में से एक है।

समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इस पहल से 'सर्वर' निर्माण, 'क्लाउड' मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। इससे भारत में 250 अरब डॉलर का अनुमानित एआई अवसंरचना परिवेश तैयार होगा।





अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, दुनिया एक ऐसी बुद्धिमत्ता क्रांति में प्रवेश कर रही है जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं अधिक गहन है। ऊर्जा व कंप्यूटर के बीच सामंजस्य स्थापित करने में निपुण राष्ट्र ही आने वाले दशक को आकार देंगे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आएं अखिलेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम ने बताया, यूपी में पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा की बनेगी सरकार
- कहा- इटावा के केदारेश्वर मंदिर बनवाने में अखिलेश की नीयत साफ नहीं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे।

मुख्यमंत्री मंगलवार को एक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर योगी ने साफ शब्दों में एलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी। कहा कि कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने कहा कि भाजपा ने राममंदिर के साथ रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे, करके दिखाएंगे।

योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता।



लखनऊ में लोगों से रूबरू होते मुख्यमंत्री योगी।

### बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक

योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन हैं सपा मुखिया

योगी ने कहा कि पीडीए एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अथॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा। कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी।

## फ्रांस के सहयोग से भारत बनाएगा माउंट एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर

### राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

- दोनों नेताओं ने हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने वाली इकाई का डिजिटल तरीके से किया उद्घाटन

भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर 'असेंबली लाइन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## तारिक ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

ढाका, एजेंसी

- लोसकभा अध्यक्ष ने समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। आम चुनावों में अपनी पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले रहमान ने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर कानून के अनुसार कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत जियाउर रहमान के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे।









## ब्रीफ न्यूज

### कोर्ट ने सेंगर के भाई को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भाजपा से निर्वासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप को आत्मसमर्पण कर देना चाहिए, क्योंकि पहले उन्हें चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का कोई आदेश नहीं है। यह मामला उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़ा है। अदालत जयदीप सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत को तीन महीने तक बढ़ाने की मांग की थी, जिसका सीबीआई ने विरोध किया। इस मामले में निचली अदालत द्वारा 10 साल की सजा पाए 50-वर्षीय जयदीप सेंगर ने मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की अपील की है।

## यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से 53 लाख छात्र होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8033 केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा का लिया संकल्प
- योगी सरकार ने की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और कड़े सुरक्षा इंतजामों की व्यवस्था

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं।

सरकार ने नकलविहीन परीक्षा का संकल्प लेते हुए ऑनलाइन मॉनिटरिंग समेत कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने एआई से याचिकाएं तैयार करने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वकीलों के एआई टूल से तैयार की गईं याचिकाएं दायर करने के बढ़ते चलन पर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम यह देखकर परेशान हैं कि कुछ वकीलों ने याचिकाओं का मसौदा तैयार करने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह बिल्कुल अनुचित है। पीठ ने यह बात शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कही, जिसमें राजनीतिक भाषणों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि कई बार, जिन फैसलों का जिक्र किया जाता है वे सही होते हैं, लेकिन उन फैसलों के साथ फर्जी उद्धरण जोड़ दिए जाते हैं और इससे उनकी विषयवस्तु का सत्यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

## संगठित और सशक्त हो हिंदू समाज : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें किसी से भय नहीं है, लेकिन सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। समाज की मजबूती आपसी एकता, सद्भाव और कर्तव्यबोध से ही संभव है।



डॉ. भागवत लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि लालच व जबरदस्ती के जरिए हो रहे मतांतरण पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। घर वापसी का कार्य तेज होना चाहिए और जो लोग हिंदू समाज में लौटें, उनका समुचित ध्यान रखना भी समाज का दायित्व है। बढ़ती घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करने की नीति अपनानी होगी तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए। उन्होंने परिवार व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि समाज के अस्तित्व के लिए संतुलित जनसंख्या आवश्यक है। वैज्ञानिकों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात नवविवाहित दंपतियों को समझाई जानी चाहिए। उन्होंने विवाह को केवल वासना पूर्ति नहीं, बल्कि सृष्टि के निरंतर प्रवाह से जोड़ते हुए कहा कि इसी से कर्तव्यबोध और जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। यूजीसी गाइडलाइन पर उन्होंने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कोई कानून गलत है तो उसे बदलने का संवैधानिक मार्ग भी मौजूद है। जातियों को झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो टकराव की स्थितियां स्वतः खत्म होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बसपा में सिद्धार्थ राजाराम व नौशाद का बढ़ा कद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन में उच्च पदों पर फेरबदल किया है। माना जा रहा है कि आने वाले पंचायत और विधान सभा चुनावों के चलते पार्टी को गतिशील करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बसपा प्रमुख के भतीजे आकाश आनंद के ससुर सिद्धार्थ गौतम का कद बढ़ा दिया है। उन्हें दिल्ली, गुजरात, छत्तीसगढ़ और केरल का प्रभारी बनाया गया है। राजाराम का भी कद बढ़ाया गया है। उन्हें मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा रामजी गौतम को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के 18 मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गए हैं। मुस्लिम चेहरे नौशाद अली को यूपी के कानपुर, लखनऊ, आगरा और मेरठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निर्धारित स्टॉप पर बसों का ठहराव सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने कहा कि सभी बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी चालक एवं परिचालक प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें तथा यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुँचाएं। इससे जहां यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी। प्रबंध निदेशक, मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे थे। निगम मुख्यालय में संपन्न बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी जांच स्कॉड दल दिन एवं रात्रि दोनों समय प्रभावी जांच व्यवस्था लागू करें। प्रभु एन सिंह ने कहा कि नियमित एवं सख्त जांच व्यवस्था से अनियमितताओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा निगम की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### दो आईपीएस का केन्द्र में हुआ इन्पैनलमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कैडर के दो आईपीएस अफसरों का केन्द्र में आईजी पद के लिए इन्पैनलमेंट हुआ है। वर्ष 2006 के आईपीएस आकाश कुलहरि और मनोज कुमार हैं। आकाश कुलहरि मौजूदा समय में झांसी रेंज के आईजी हैं। इन्पैनलमेंट होने के बाद दोनों अधिकारियों की केन्द्र में आईजी पद पर सेवा ली जा सकती हैं।

### वसूली 70 फीसदी से कम तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार ने तल्ख लहजे में अफसरों को निर्देश दिए कि बिजली बिल वसूली और बिल राहत योजना में तेजी लाई जाए। यदि संतोषजनक परिणाम नहीं आ रहे तो फिर जिम्मेदार अफसरों से जवाब तलब किया जाए। साथ ही कहा कि एक दिसंबर-25 से अभी तक ढाई महाने में कारपोरेशन को 4,934 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ हैप्रबन्ध निदेशक ने मंगलवार को शक्ति भवन में बिल वसूली को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जहां भी बिजली बिल राहत योजना में प्रगति सही नहीं है, वहां कार्रवाई की जायेगी। इसमें एक-एक बकायेदार उपभोक्ता को ढूढकर पैसा जमा कराया जाए। जहां भी फीडर घाटे में है, वहां अभियान चलाकर व्यवस्था सुधारें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वसूली की धनराशि जहां 70 फीसदी से कम हैं, वहां कार्रवाई होनी चाहिए। पांच किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर उनका बकाया जमा कराएं।



# हमने शंकराचार्य से क्षमा मांग अपनी गलती स्वीकार कर ली थी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शंकराचार्य मामले में सफाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी कुछ नहीं जानते हैं, सपा सरकार के दौरान काशी में वह घटना गलत परिस्थितियों और भाजपा के तांडव की वजह से हुई थी, तब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य नहीं थे, लेकिन उस घटना के बाद शंकराचार्य से हम लोगों ने क्षमा मांगते हुए अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। हम लोग शंकराचार्य जी के साथ हैं।

सपा प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि, यूपी में अपराधियों के डर व वसूली की वजह से कर्फ्यू जैसी पाबंदी रहती है। पूरे यूपी में गैरकानूनी लोगों का राज है। कमीशनखोर ही सरकार चला रहे हैं। भाजपा ने कुंभ और माघ मेले की सनातन परंपरा को तोड़ा, परम पूज्य शंकराचार्य का अपमान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की धरोहर को तोड़ने का पाप किया उसे एआई बताने का झूठा प्रचार किया। सनातन समाज और पाल समाज के लोग मुख्यमंत्री से बहुत नाराज हैं। धोखेबाज भाजपा लोगों को ठगने का काम कर रही है। कहा कि इन्होंने काशी में करीब सौ मंदिर भी तोड़े हैं। नेपाल नरेश का दान किया हुआ घंटा भी गायब हो गया है।

### भाजपाइयों ने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया

- अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सपा के समय में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने समय में बने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया है लेकिन उन्हें चलाया नहीं है। मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर बिना स्टॉफ के खड़े हैं। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और मुख्य भाजपाई जी ने अपनी आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित में काम करने वाले आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को तो ये समझ लेना चाहिए कि अगले मंत्रिमंडल विस्तार में उनसे विभाग छीनने का आधार बनाया जा रहा है। विभाग में वो नेम प्लेट पर ही मंत्री हैं, कोई उनकी सुनता भी नहीं है।

### अनुदान पर पाएं यंत्र 20 तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने फसल अवशेष के इन-सीटू एवं एक्स सीटू प्रबंधन के यंत्रों की बिक्री के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी है। एग्रीग्रेटर का लक्ष्य दो यंत्र वितरण का है, इसके सापेक्ष आवेदन तीन आए हैं और अधिक एफपीओ के प्रतिभाग करने के लिए मौका दिया है। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि एफपीओ को अनुदान पर यंत्र दिए जाएंगे। यह यंत्र फसल कटाते समय अवशेष जमीन में दबा देती है।

# एम-पैक्स से आत्मनिर्भर बने 54 लाख किसान

## सरकार ने सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सहकारिता आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार के एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का व्यापक परिणाम दिख रहा है। अभियान के जरिए अब तक करीब 54 लाख किसान सहकारी ढांचे से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े हैं। योगी सरकार का फोकस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एम-पैक्स) से लोगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती वित्तीय और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

- **जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए, 550 करोड़ की राशि खातों में जमा हुई**

विशेष अभियान के तहत किसानों को कम ब्याज दरों पर फसली ऋण, उन्नत गुणवत्ता के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। इससे खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए हैं। इन खातों में अब तक लगभग 550 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। वहीं, सदस्यों की भागीदारी से 110 करोड़ रुपये की अंश पूंजी जुटाई गई जिसके आधार पर कुल 660 करोड़ रुपये की धनराशि सहकारी तंत्र में प्रवाहित हुई। इससे गांवों में ऋण प्रवाह बढ़ा है और छोटे किसानों को सहूलियतें आसान हुई हैं।

### ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं

- योगी सरकार ने सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सदस्यता प्रक्रिया को भी पूरी तरह डिजिटल किया है। अब एम-पैक्स से जुड़ने के लिए डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं मिल रहीं हैं। देश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम-पैक्स का सदस्यता महाअभियान शुरू किया। यह सदस्यता महाअभियान दो चरणों में चलाया गया।

### क्यूआर कोड और यूपीआई भुगतान से आई पारदर्शिता

- सहकारी समितियों को मजबूत करना योगी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। एम-पैक्स पर डिजिटल भुगतान प्रणाली क्यूआर कोड के जरिए शुरू की गई है। क्यूआर कोड और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरु हो जाने से कैशलेस एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू हुई है। इससे उर्वरक वितरण में पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि सहकार से समृद्धि का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके।

### अब एक क्लिक पर होगा समस्याओं का समाधान

- **अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर (राजस्थान) से किसानों के समर्पित एआई प्लेटफार्म "भारत विस्तार" 2026 का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। इस नवाचारपूर्ण प्लेटफार्म का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती-किसानी को अधिक समृद्ध, सशक्त और सरल बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि "भारत विस्तार" देश की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। इसके माध्यम से किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 डायल कर खेती से जुड़े प्रश्नों के त्वरित और सटीक उत्तर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक पर आधारित यह प्रणाली किसानों को मौसम, बीज, खाद, फसल प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनेगा।



सूर्य प्रताप शाही।



राजधानी में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक, धक्का-मुक्की

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधानसभा घेरने जाते समय हिरासत में लिए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस ने पुलिस ने नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राज, विधायक अराधना मिश्रा मोना समेत करीब 50 नेताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया, जहां से सभी को रिहा कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह पुलिस का भय दिखाकर रोकने का प्रयास है, लेकिन वह रुकने वाले नहीं हैं। मनरेगा रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस नेता माल ऐवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर एकत्र हुए। दोपहर में वहां से विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले। विधानभवन से पहले पुलिस व आरएएफ के जवानों ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ था। मनरेगा कोरोना काल की भीषण महामारी के दौर में प्रवासियों को रोजगार उपलब्ध कराकर जीवनदायिनी साबित हुई। अब मोदी सरकार खत्म करने पर अमादा है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया है। इसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया है सरकार इतनी डर गई कि लखनऊ समेत प्रदेश भर में कई बड़े नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। इसके बाद भी भारी संख्या में कोने-कोने से नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को मनरेगा को पूर्व की तरह लागू करना चाहिए। विधायक अराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सदा गांव व गरीब के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, लखनऊ के जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और शहजाद आलम सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



विधायक आराधना मिश्रा को बैरिकेडिंग पर चढ़ने से रोकते पुलिसकर्मी।

# सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं सुखाती थीं कपड़े

- **विधान परिषद में ऊर्जा मंत्री के आरोप पर सपा सदस्य भड़के**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. विधान परिषद के बजट सत्र में मंगलवार को बिजली व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बदहाल बताते हुए सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा और मुकुल यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे जमीनी हकीकत से परे हैं। उत्पादन न बढ़ने से कटौती बढ़ी है और आमजन परेशान है। कनेक्शन शुल्क 500 रुपये से बढ़कर 6000 रुपये कर दिया गया है।

इस पर जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा सरकार ने भ्रष्टाचार के बबूल लगाए थे, उन्हें साफ करने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने दावा किया कि बिजली उत्पादन और आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2017 से अब तक उपभोक्ताओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। आपूर्ति भी उसी अनुपात में बढ़ी है। इसी दौरान मंत्री के "सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं कपड़े सुखाती थीं" वाले बयान पर सपा सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और सदन से बहिर्गमन कर दिया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए विषय को सरकार को भेज दिया।

शून्य प्रहर में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच भगवान राम के संदर्भ में भी तीखी बहस हुई। वहीं निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल और राज बहादुर सिंह चंदेल ने निजी विद्यालयों में में 6 से 14 साल तक के गरीब परिवार के बच्चों के प्रवेश व प्रतिपूर्ति राशि का मुद्दा उठाया। सरकारी स्कूलों में प्रतिछात्र आने वाले प्रतिवर्ष 38859 रूपए का खर्च के सापेक्ष निजी विद्यालयों को मिलने वाले प्रति छात्र मात्र 450 रूपए को बढ़ाने की मांग की। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने श्रावस्ती में सेवानिवृत्त शिक्षकों को जीपीएफ भुगतान न मिलने का प्रश्न उठाया, जिस पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने एक माह में भुगतान का आश्वासन दिया। सत्र के दौरान सदन में कई मुद्दों पर गर्मागर्म बहस देखने को मिली

### व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग

- अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में बजट पर चर्चा से पहले व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। नियम 110 के तहत शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी और अक्षय प्रताप सिंह ने वर्ष 1989-90 से निर्धारित मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को नियमित करने की मांग की।भोजनावकाश के बाद चर्चा में सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा, डॉ. मान सिंह और नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षकों के करीब 2500 पद रिक्त हैं। उन्होंने मांग की कि माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों में इन पदों को मान्यता देकर शिक्षकों का विनियमितीकरण किया जाए। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जवाब देते हुए कहा कि संबंधित शिक्षक प्रारंभ में 1500 रुपये मानदेय पर तैनात हुए थे, जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 20 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अतिथि विषय विशेषज्ञ प्रति व्याख्यान मानदेय प्राप्त करते हैं और इनके विनियमितीकरण की फिलहाल कोई योजना नहीं है। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी के आग्रह पर सभापति ने मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 सदन के पटल पर रखे, जिन्हें पारित कर दिया गया।

### 'कुष्टआश्रम' शब्द हटाने को लेकर विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में मंगलवार को नगर विकास मंत्री ने 'कुष्टआश्रम' शब्द को हटाने संबंधी संशोधन विधेयक पेश किया। मंत्री ने कहा कि समय के साथ सामाजिक सोच और भाषा में बदलाव आवश्यक है तथा सम्मानजनक शब्दावली का उपयोग किया जाना चाहिए। बाद में सपा की प्रवर समिति की मांग विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दी। मंत्री ने सदन को बताया कि संबंधित अधिनियम/नियमावली में प्रयुक्त 'कुष्टआश्रम' शब्द अब सामाजिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। इसे हटाकर अधिक सम्मानजनक और मानवीय शब्द का प्रयोग किया जाएगा, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाएं आहत न हों।

**विधानसभा** | चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने

# बेसिक शिक्षा में 46,944 पद रिक्त, फिलहाल भर्ती की योजना नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक सीधी भर्ती के 46,944 पद रिक्त हैं, लेकिन सरकार की ओर से फिलहाल नई भर्ती की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में दी।

चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 8 जनवरी 2026 के बीच सरकार ने 5,856 अभ्यर्थियों का चयन एवं नियुक्ति की है। हालांकि, प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में पद खाली होने के बावजूद नई भर्ती पर सरकार विचार नहीं कर रही है। विधायक ने यह भी पूछा कि क्या शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए नए पद सृजित कर भर्ती परीक्षा कराने पर विचार किया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया- जी नहीं।मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और शिक्षामित्र कार्यरत हैं तथा एक भी परिषदीय विद्यालय बंद नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सरकार पांच-पांच लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दे रही है। इनके मानदेय में वृद्धि पर भी विचार किया जा रहा है, जिसकी जानकारी शीघ्र सदन को दी जाएगी।

### बगैर कागज पढ़े बोलेंगे तो दिक्कत हो जाएगी : राजभर

- पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रश्नकाल में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का सीधे जनता के द्वारा चुनाव कराने के लिए दो बार केंद्र को पत्र लिख चुके हैं। सपा सदस्य अतुल प्रधान के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इसमें जो संशोधन होना है उसे केंद्र सरकार को ही करना है। विपक्ष ने डबल इंजन सरकार का हवाला दिया तो मंत्री बोले...तभी तो भइया दो बार पत्र लिख चुके हैं और मिल भी आए हैं। सिंगल इंजन की सरकार होती तो यह भी न हो पाता। एक प्रश्न के जवाब में मंत्री लिखित उत्तर पढ़ने लगे तो विपक्ष ने इस पर तंज कसा। राजभर बोले बगैर कागज पढ़े यदि हम बोलेंगे तो आपको दिक्कत हो जाएगी।

### कॉल न उठाने पर बने 'अलर्ट नंबर' की व्यवस्था

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधि या आम नागरिक किसी अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसी स्थिति में एक अधिकृत "अलर्ट नंबर" की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे तत्काल ध्यान दिया जा सके। वे विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सुझाव प्रस्तुत कर रहे थे। मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि प्रदेश स्तर पर एक केंद्रीय अलर्ट नंबर हो और हर जिले में अलग कंट्रोल नंबर निर्धारित किया जाए। यदि कोई अधिकारी कॉल रिसीव नहीं करता, तो शिकायतकर्ता उस अधिकृत नंबर पर सूचना दे सके। इसके बाद संबंधित अधिकारी को कॉल या संदेश जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उनसे तुरंत संपर्क अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह नंबर ऐसा हो, जिसे सभी अधिकारी पहचानें और कॉल आते ही उसकी गंभीरता समझें। असीम अरुण ने यह भी कहा कि कई बार अधिकारी अवकाश, शोक या आपात स्थिति के कारण कॉल नहीं उठा पाते। ऐसे मामलों में फीडबैक सिस्टम होना चाहिए, जिससे अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट हो और अनावश्यक गलतफहमी न बने। उन्होंने सुझाव दिया कि पूरी प्रक्रिया में डिजिटल रिकॉर्ड, रिस्पॉन्स टाइम की निगरानी और लंबित मामलों की उच्च स्तर पर समीक्षा हो। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# जन्म-मृत्यु और निवास प्रमाण पत्र न बनने के मुद्दे पर सपा का बहिर्गमन

- **विपक्ष का आरोप: प्रमाण पत्र रोककर एसआईआर प्रभावित कर रही सरकार**
- **सरकार का जवाब: आरोप निराधार, जहां दिक्कत होगी वहां कराई जाएगी जांच**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी न होने के मुद्दे पर सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान विपक्ष समर्थकों को मतदाता बनने से रोकने के उद्देश्य से जानबूझकर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। सरकार ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह प्रमाण पत्र बन रहे हैं और यदि कहीं किसी स्तर पर समस्या है तो जांच कराकर समाधान होगा। जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

सपा की ओर से यह मुद्दा सदन में मनोज कुमार पारस और कमाल अख्तर ने उठाया। मनोज कुमार पारस ने कहा कि वर्तमान समय में जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में आवेदन उपजिलाधिकारी कार्यालयों में लंबित पड़े हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

पारस ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता है, जबकि प्रशासन उसे जारी नहीं कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग मतदाता बनने से वंचित हो सकते हैं।कमाल अख्तर ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में पहले जिस प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र बनाए जाते थे, उसे समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने नगर विकास मंत्री से मांग की कि पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोपों को और गंभीर बताते हुए कहा कि एक एसडीएम ने स्वयं उन्हें बताया है कि ऊपर से प्रमाण पत्र न बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# पानी भरने से फसल नष्ट होने पर पिता-पुत्र ने की थी अधेड़ की हत्या

## आलू, मक्का के खेत में भर गया था नलकूप का पानी, हुआ था विवाद

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत में खड़ी फसल में पानी भर जाने से नाराज पिता-पुत्र ने अधेड़ से विवाद के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने रिपोट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला वीरभान निवासी इंदल सिंह पुत्र श्रीकृष्ण उर्फ बांकेलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि 15 फरवरी की शाम को भाई चन्द्रपाल (52) खेत में पानी लगाने गया था। कुछ देर नलकूप चलने के बाद लाइट खराब हो गई जिसके चलते भाई घर चला आया। कुछ देर बाद लाइट आ गई जिससे नलकूप चालू हो गया। इससे भाई के खेत के बाद पड़ोसी खेत मालिक ताहर सिंह पुत्र नत्थू सिंह के खेत में खड़ी आलू व मक्का की फसल में भी पानी भर गया। इससे फसल डूब गई। 16 फरवरी की सुबह ताहर सिंह अपने पुत्र पवन के साथ खेत देखने गया। फसल में पानी भरा देख वह आग बबूला हो गया और चन्द्रपाल के घर शिकायत करने पहुंच गया। घर से उसे लेकर खेत पर गया जहां डूबी फसल दिखाते हुए विवाद होने लगा। बात बढ़ने पर आरोपियों ने भाई के साथ मारपीट करते हुए जमीन में गिरा कर उसका गला दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर तक चन्द्रपाल घर नहीं पहुंचा तो इंदल की साली बबली और पुत्री अंजली खोज करते हुए खेत की तरफ जा रही थी। रास्ते में पुरुषोत्तम दुबे के खेत के पास चन्द्र पाल को मृत अवस्था में पड़ा देखा। उनको देख कर दोनों ने शोर मचाया। इससे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा लेकिन चंद्रपाल की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।


चन्द्रपाल की फाइल फोटो।

• दो दिन पहले खेत में संदिग्ध हालात में पड़ा मिला था शव

### नलकूप को ऑटो मोड पर लगाना हुआ जानलेवा

■ **सौरिख।** गेहूं की फसल में पानी लगाने गए अधेड़ की जान पर नलकूप को ऑटो मोड पर लगा कर छोड़ना भारी पड़ गया। 15 फरवरी की रात बिजली चली जाने के बाद चन्द्रपाल वहीं इंतजार करने लगा। इसके बाद नलकूप पर लगा स्टार्टर ऑटो मोड पर लगा कर चालू कर दिया। काफी देर के बाद भी बिजली नहीं आई तो वह घर चला गया और सो गया। बिजली आ गई तो नलकूप चलने लगा और पड़ोसी गांव के ताहर सिंह का खेत में खड़ी मक्का व आलू की फसल में भी पानी भर गया। यही घटना जान पर भारी पड़ गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हरकत में आई पुलिस

■ सौरिख, कन्नौज। अमृत विचार। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें जब गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई और मृतक के गले पर अंगुलियों के निशान पाए गए तो पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने ताहर को पहले ही हिरासत में लेलिया था। इसके बाद दूसरे आरोपी पवन कुमार को भी रात में ही उठा लिया।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सौरिख।** शिवरात्रि पर श्रृंगीरामपुर गंगा घाट से से जल लेकर लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

कस्बा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी विपिन कुमार उर्फ सोनू पुत्र भानु प्रताप राजपूत (29) 14 फरवरी की शाम जल लेने श्रृंगीरामपुर गंगा घाट गया था। अगले दिन 15 फरवरी की सुबह चार बजे वापस लौट रहा था। तभी सौरिख-छिबरामऊ मार्ग पर अड़नापुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आ गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। सोमवार रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां मालती देवी, पत्नी अनीता देवी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। पिता ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है।


नगर पालिका क्षेत्र कन्नौज में गोवंश पकड़ते कर्मचारी। अमृत विचार

## अभियान चलाकर पकड़े गए घूम रहे छुट्टा गोवंश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले भर में अन्ना गोवंश की समस्या गंभीर है। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री इनको पकड़वाने के निर्देश दिए। इस पर जिले के सभी नगर निकायों में अभियान चलाकर धरपकड़ की गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया निराश्रित गोवंश को संरक्षण करवाने के उद्देश्य से जनपद में सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अभियान चलाया गया। इसी के तहत कन्नौज शहर में मंडी समिति एवं सरायमीरा के आसपास 4 गोवंश को पकड़कर कान्हा गोशाला में संरक्षित किया गया। आगे भी प्रतिदिन इसी प्रकार का अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को संरक्षित किया जाएगा। बताया है कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया। पकड़े गए सभी गोवंशों को नियमानुसार सुरक्षित वाहन के माध्यम से गोशाला भेजा गया है, जहां उनके भोजन, पानी एवं उपचार की समुचित व्यवस्था होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एरियर भुगतान को आज डीएम से मिलेंगे सफाई कर्मचारी

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह तथा जिला महामंत्री धर्मवीर बाल्मीकि ने अवगत कराया है कि डीपीआरओ कार्यालय की ओर से की जा रही मनमानी तथा पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा। आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारियों के एरियर भुगतान को लेकर 9 माह संघर्ष के बाद गिने चुने कर्मचारियों का एरियर भुगतान किया गया है। बकाया में भ्रष्टाचार कर बजट को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती की बताईं तकनीक

**तिर्वा।** उमर्दा स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फूट वेजिटेबल में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें तालग्राम, उमर्दा और छिबरामऊ विकासखंड से आए लगभग 50 किसानों ने वैज्ञानिक ढंग से खेती की जानकारी विशेषज्ञों से ली। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के वैज्ञानिक डॉ. आई.पी. सिंह ने संरक्षित संरचनाओं में सब्जियों की खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। बताया कि कम भूमि में भी उन्नत तकनीक अपनाकर किसान अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र प्रभारी प्रवीण कुमार ने किसानों को हाईटेक पौधशाला में पौध उत्पादन की तकनीक समझाई तथा खुले वातावरण में खेत या घर पर पौध तैयार करने के तरीके बताए। सहायक उद्यान निरीक्षक रोहित कुमार ने संरक्षित खेती की विभिन्न तकनीकों, जैसे बेड, मल्चिंग, ड्रिप, ग्रो बैग और ट्रे का प्रदर्शन कराते हुए किसानों को व्यावहारिक जानकारी दी।

### भाजपा नेता पुत्र सहित तीन को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज।** भाजपा नेता के पुत्र सहित तीन लोगों से गाली गलौज और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। भाजपा नगर अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल पुत्र शंभू दयाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र आदित्य गुप्ता अपने चचेरे भाई रामजी गुप्ता व सार्थक गुप्ता के साथ 16 फरवरी की रात लगभग 10 बजे तिर्वा रोड से घर लौट रहा था। तभी तिर्वा रोड निवासी यश ठाकुर, अभी गुप्ता, बबलू ठाकुर, बंटी ठाकुर, अन्नू गुप्ता, वीरू गुप्ता, धनंजय, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता ने उसके पुत्र को जान से मारने की नियत से सिर पर हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उसके भतीजे रामजी व सार्थक गुप्ता से भी मारपीट की कार को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बचाने गए करन गुप्ता की सोने की चेन भी कहीं गुम हो गई। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि मुख्य सेविका को किया कार्यमुक्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जलालाबाद में पोषक पदार्थ वितरण की प्रगति खराब पाए जाने पर सीडीपीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं गुगरापुर में कार्यों में रुचि न लेने पर प्रभारी सीडीपीओ/मुख्य सेविका को कार्यमुक्त कर दिया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जिला पोषण समिति की बैठक के दौरान की।

कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी ने जनपद में पोषण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। निर्देशित किया कि एज वाइज मेजरिंग एफीशियंसी रिपोर्ट, मोबाइल व आधार सत्यापन, पोषण ट्रैकर पर डाटा अपडेट, तथा अन्य पोषण संबंधी सभी प्रगति रिपोर्टों में विभागीय कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक एवं समयबद्ध होनी चाहिए। कहा कि कुपोषण की रोकथाम और पोषित बच्चों के प्रतिशत में वृद्धि प्रशासन की प्राथमिकता है।

सीडीपीओ जलालाबाद द्वारा पोषण वितरण में प्रगति अत्यंत खराब पाई जिस पर सीडीपीओ शेषमणि यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा प्रभारी सीडीपीओ/मुख्य सेविका गुगरापुर आभा देवी द्वारा किसी भी विभागीय कार्यों में कोई रुचि न लिए जाने पर कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का सुचारु निर्वहन करें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया जागरूक

**छिबरामऊ।** मदर निर्मला फाउंडेशन उत्तर प्रदेश (नॉलेज पार्टनर संस्था) द्वारा नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अंतर्गत सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पृथक्करण) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम वार्ड संख्या 3 (आर्य नगर - मोहल्ला रामनगर एवं सराय गुजरमल) तथा वार्ड संख्या 4 (संजय नगर - मोहल्ला करसाबान, बारात घर एवं हीरालाल कॉलेज के पीछे) में हुआ। संस्था के कार्यक्रम संयोजक इकबाल बहादुर, मणि मिश्रा एवं टीम सदस्य मिली शाक्य ने गीला कचरा हरे सेक्शन, सूखा कचरा नीले सेक्शन, सेनेटरी वेस्ट/डायपर लाल डस्टबीन तथा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट काले डस्टबीन में डालने की जानकारी दी। जिज्ञासाओं के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए। नगर पालिका के सुपरवाइजर आनंद, अमरजीत एवं सफाई कर्मचारी आकाश, सूरज, वंदना, कप्तान आदि उपस्थित रहे।

## अब सोलर पैनल से रोशन होगा जिला अस्पताल, पूजन के साथ काम शुरू

गुड न्यूज

• सरकार ने जिला अस्पताल को दी सौगात

• ठेकेदार ने पैनल लगाने की शुरुआत की

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल पर आने वाले बिजली खर्च को कम करने के लिए सरकार ने सोलर पैनल की सौगात दी है। मंगलवार को सीएमएस द्वारा भूमि पूजन करने के साथ ही ठेकेदार ने पैनल लगाना शुरू किया है।

जिला अस्पताल में बिजली की खपत अधिक होती है। इस के चलते पूर्व में एक सोलर पैनल लगाया जा चुका है। इससे मुख्य बिल्डिंग में बिजली की खपत में कमी आई है। इसी को देखते हुए सरकार ने दो किलोवॉट के सोलर पैनल की और सौगात दी है। यह पैनल महिला विंग की बिल्डिंग के अलावा ट्रामा सेंटर में लगाया जायेगा। सरकार का प्रयास होगा कि जिला अस्पताल में खर्च होने वाली बिजली की खपत को आधे से भी कम करना है। इसी के चलते सरकार ने ओएमपी कंपनी को ठेका दिया है।

कंपनी के ठेकेदार ने मंगलवार को जिला अस्पताल पहुंच कर सीएमएस डा. शक्ति बसु से बात की। आज से ही सोलर पैनल को लगाने को कहा। इस पर सीएमएस ने अस्पताल की जिस छत पर इसे लगाना है वहां पहुंच कर पूजा अर्चन किया।

इस के बाद ठेकेदार ने पैनल लगाने का काम शुरू कर दिया है। इस मौके पर अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।


जिला अस्पताल की छत पर सोलर पैनल लगने से पहले पूजन करते सीएमएस डा. शक्ति बसु व मौजूद अन्य। अमृत विचार

## 230 व्यक्तियों का जांचा गया शुगर और बीपी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद न्यायालय परिसर में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर लगा। इसमें सात लोगों ने ब्लड डोनेट किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/ जिला जज नरेंद्र झा ने इसका निरीक्षण किया।

22 फरवरी को मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर प्रस्तावित है। इसीके चलते न्यायालय परिसर के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच हुई। प्राधिकरण अध्यक्ष ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वस्थ होना एक सक्षम न्याय प्रणाली के जरूरी है। शिविर में 230 के स्वास्थ्य की जांच हुई। प्राधिकरण के विनय मिश्र, विवेक मिश्र, शैलेंद्र कुमार, प्रदीप सैनी, अमित कुमार, रजनीश चंद्र व रितिक दुबे ने रक्तदान भी किया।


कचहरी में रक्तदान करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विनय मिश्र।

## जंगली सूअर से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**सौरिख।** यूपीडा कर्मियों की लापरवाही के चलते आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर जंगली सूअर आ गया। इससे टकराकर बाइक सवार दो लेग गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार की शाम लखनऊ के थाना ठाकुरगंज के कस्बा हुसैनाबाद निवासी मोईन (50) पुत्र हबीब अपने साथी थाना फिरोजपुर बहराइच निवासी अफसर खान पुत्र याकूब खान (38) के साथ बाइक पर सवार होकर लखनऊ से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। रात करीब 9 बजे जैसे ही उनकी बाइक थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 155 पर पहुंची तभी सामने जंगली सूअर आ गया। इससे उनकी बाइक टकरा गई जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

नि:शुल्क सुविधा

स्वास्थ्य विभाग ने वैक्सीनेशन की तैयारी की शुरू

# किशोरियों को लगेगी सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन

योगेंद्र मिश्रा, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में अब किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये निःशुल्क वैक्सीन लगाई जायेंगी। बोर्ड परीक्षा के बाद शायद अप्रैल से यह वैक्सीन लगाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस की तैयारी शुरू की है।

सरकार की ओर से जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये कदम बढाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर दो माह के अंदर टीकाकरण शुरू किया जायेगा। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के चलते अगले माह से टीकाकरण शुरू किया जाएगा। पहले चरण में 13 से 15 वर्ष तक की किशोरियों का वैक्सीनेशन किया जायेगा। खास बात यह कि किशोरियों के परिजनों के सहमति पत्र भरवाने के बाद ही टीका लगाया जाएगा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जितेंद्र नाग ने बताया कि जिले में एक लाख महिलाओं पर 18 को सर्वाइकल कैंसर होता है। जब कि देश में करीब 1 लाख 25 हजार महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर होता है। बताया कि सबसे अधिक ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर होता है। दूसरे नंबर पर सर्वाइकल कैंसर का आता है। पहले चरण में किशोरियों को इस वैक्सीन की एक डोज दी जायेगी। इस के बाद सरकार निर्णय लेगी कि वैक्सीन सभी महिलाओं को देना है या किशोरियों तक ही सीमित रखना है।



### प्राइवेट में 2000 से 11000 रुपये लगता प्रति डोज

■ **कन्नौज।** सरवाइकल कैंसर की वैक्सीन प्राइवेट में लगवाने पर इस की कीमत 2000 से 11000 रुपये प्रति डोज है। महंगी होने से इसे हर महिला नहीं लगवाती थी। अब सरकार ने इसे फ्री में लगवाने की व्यवस्था की है।

### इन सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध होगी वैक्सीन

■ **कन्नौज।** सरवाइकल कैंसर से निजात दिलाने के लिये सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही वैक्सीन जिले के मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जायेगी। जिस परिवार की किशोरी को इसे लेना है उसे एक डोज दिया जायेगा।



अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ



पिंक-डे मनाते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

### ज्ञाना इंटरनेशनल में मनाया गया 'पिंक डे'

**छिबरामऊ।** गीतापुरम कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'पिंक डे' बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराना तथा उनके रचनात्मक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने गुलाबी रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण की। विद्यालय परिसर को भी गुलाबी गुब्बारों एवं सजावटी सामग्री से सुसज्जित किया गया। एमडी रामानंद वर्मा ने इस अभिनव प्रयास की सराहना की। निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों की सहभागिता की सराहना की। इस अवसर पर सब डायरेक्टर शिवम वर्मा सहित रिचा दुबे, आकांक्षा, सौम्या, रिशु, क्षमता, आदि रहे।

### प्राचीन बाबा की बगिया हनुमान मंदिर में भक्तों में बंटा प्रसाद

**छिबरामऊ।** सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया के प्राचीन हनुमान मंदिर में हर मंगलवार की तरह इस बार भी भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। पेंटिंग ठेकेदार रवि जायसवाल ने हनुमान जी को भोग लगाने के बाद तहरी का प्रसाद बांटा। इसी मंदिर में विद्यासागर शर्मा एवं उनके परिवार ने हनुमान जी को भोग लगाकर बूंदी का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर शिवकुमारी शर्मा, तुलसीराम शर्मा, पप्पी शर्मा, अनुज शर्मा छोटू, प्रज्ञा शर्मा लाली, रागिनी शर्मा बेटू, जीतू शर्मा, राधा शर्मा, उदय शर्मा, साक्षी, नव्या, रामकटोरी, दिनेश शर्मा, रेनू शर्मा, पूजा शर्मा, आंचल, गहना, खुशी, कृष्णा, लाडली शर्मा, राजू शर्मा, सुशील शर्मा सहित कई परिजनों ने प्रसाद बांटने में सक्रिय सहयोग दिया।

### डेढ़ माह पुरानी हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने करीब डेढ़ माह पूर्व हुई हत्या की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एसओजी, सर्विलांस टीम एवं कोतवाली कायमगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 24 दिसंबर को मई गांव रशीदपुर निवासी मजदूर सोवरन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच की। विवेचना के दौरान विकल उर्फ विकल्ले तथा सनी उर्फ दीपक राजपूत के नाम प्रकाश में आए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 315 बोर का एक तमंचा एवं कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना वाले दिन वे शादी के लिए सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में साइकिल सवार से टक्कर हो गई, जिसके बाद गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर उनके साथी जबर सिंह ने गुस्से में गोली चला दी, जिससे सोवरन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार देर रात्रि को बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। कमालगंज के गांव राजपुर निवासी 25 वर्षीय बालेश्वर पुत्र राजेश फतेहगढ़ स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। रजीपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। बालेश्वर को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. अमन कुमार ने उसे भर्ती कर इलाज किया। घायल बालेश्वर के चाचा कमलेश ने सोमवार रात लगभग दस बजे बताया कि बालेश्वर बाइक से फतेहगढ़ स्थित अपनी ससुराल जा रहा था।

# संतुलन बिगड़ने से छत से गिरकर अधेड़ की गई जान

## तीन मासूम के सिर से उठा पिता का साया

संवाददाता गुरसहायगंज, जलालाबाद (कन्नौज)

**अमृत विचार।** छत पर गये अधेड़ का संतुलन बिगड़ गया। इससे वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। मौत देख परिजनों में चीख पुकार मच गई।

मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुगरापुर निवासी आदेश सविता किसी काम को लेकर मकान की छत पर गया था। तभी संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर कर घायल हो गए। गिरने की आवाज सुन कर परिजन व स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए। परिवार सहित स्थानीय लोग अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई। आदेश सविता अपने परिवार का भरण पोषण करने वाला इकलौता सदस्य था। वह मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करत था। उसकी मृत्यु हो जाने से परिवार के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

मृतक अपने पीछे पत्नी सहित तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया। जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को अभिलंब सरकारी सहायता दिलाए जाने की मांग की है। वहीं लोगों का कहना है कि प्रशासन आर्थिक मदद कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये।



रोते बिलखते मृतक के परिजन।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** मार्ग पर पौधों में सेफ्टी गार्ड लगा रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारदी। मेडिकल कालेज लाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उमर्दा से निकली निचली गंग नहर के पास तिर्वा-उमर्दा मार्ग के किनारे सेफ्टी गार्ड लगाने का कार्य चल रहा है। फिरोजाबाद जनपद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के करारा रोड निवासी अमित (32) इटावा की जय विल्डर्स फर्म में मजदूरी करता था। मंगलवार को अमित किसी अन्य काम के लिए सड़क पार कर रहा था कि इसी दौरान उमर्दा की ओर से आ रहे किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है। जानकारी कर मृतक मजदूर के ठेकेदार व परिजनों को जानकारी देकर शव का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## सीसीए को मिली एनसीसी प्रशिक्षण की स्वीकृति

**छिबरामऊ।** सिटी चिल्ड्रेन्स एकेडमी में छात्राओं के लिए नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) प्रशिक्षण की मंजूरी मिल गई है। संस्था के सीईओ विश्वास प्रधान ने जानकारी दी कि एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर अलीगढ़ ने विद्यालय को 50 जवान (हाफ ट्रुप) का आवंटन किया है। इस संबंध में 4, यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजयेंद्र शारदा ने स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर उनके साथ सूबेदार मेजर करमवीर (सेना मेडल) व सूबेदार मेजर डीके यादव भी मौजूद थे। प्रधानाचार्य नीरा प्रसाद के. ने बताया कि छात्राओं में अनुशासन व आत्म विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ, भारतीय सैन्य सेवाओं में भर्ती के लिए एनसीसी ट्रेनिंग प्राप्त अभ्यर्थियों को विशेष प्राथमिकता मिलती है। अन्य परीक्षाओं व भर्तियों में भी एनसीसी ट्रेनिंग सर्टिफिकेट के अतिरिक्त वरीयता अंक होते हैं।

## कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों की टीम ने की जांच

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** बांट माप अधिकारी ने क्षेत्र के विभिन्न कोटेदारों के इलेक्ट्रॉनिक कांटों की सघन जांच की। इस दौरान छिबरामऊ देहात के 8, सौरिख देहात के 6, तालग्राम के 15 तथा नगर क्षेत्र के 15 कोटेदारों के कांटों का निरीक्षण किया गया।

जांच के दौरान सभी कांटों की कार्यक्षमता, सटीकता और मानकों के अनुरूप होने की पुष्टि की गई। साथ ही आवश्यक स्टांपिंग और मुद्रांकन का कार्य भी पूरा किया गया। यह जांच उपभोक्ताओं को सही वजन और माप सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से की गई। बांट माप अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि जांच में कोई बड़ी अनियमितता नहीं पाई गई, फिर भी सभी कोटेदारों को निर्देश दिए गए कि वह नियमित रूप से कांटों की जांच कराते रहें और मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं से भी अपील की कि यदि कहीं वजन या माप में कमी महसूस हो तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।



इलेक्ट्रॉनिक कांटों की जांच करते अधिकारी अशोक शर्मा। अमृत विचार

## विधायक ने सदन में उठाया कैंसर अस्पताल व कॉर्डियोलॉजी का मुद्दा

**तिर्वा।** तिर्वा विधायक ने विधानसभा में एक्सप्रेसवे, कैंसर व कार्डियोलॉजी अस्पताल में सर्जन पदों का मुद्दा उठाकर निदान करने की मांग की। बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विधानसभा में विधायक कैलाश राजपूत ने क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाया। कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का करीब 22 किलोमीटर हिस्सा कन्नौज जनपद में पड़ता है, जहां कई स्थानों पर तीखे मोड़ हैं। इन्हीं के कारण सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सरकार से मांग की कि एक्सप्रेसवे का सर्वे कराकर खतरनाक मोड़ों खत्म कराया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने सौरिख कट पर ट्रामा सेंटर स्थापित करने की मांग भी रखी, जिससे दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल उपचार मिल सके। विधायक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज परिसर में बने कैंसर और कार्डियोलॉजी अस्पतालों के संचालन का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल भवन तैयार होने के बावजूद सर्जन पद सृजित न होने से सेवाएं शुरू नहीं हो पा रही हैं। सरकार से जल्द सर्जन पद सृजित कर अस्पतालों को चालू कराने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुलभ इलाज मिल सके।



विधायक कैलाश राजपूत।

## पालिका प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर कराई सफाई

**गुरसहायगंज।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता व अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परीक्षा केंद्रों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके तहत विद्यालय की सफाई कर सफाई टीम ने चूना डाल कर चिंहांकन किया।

मंगलवार को अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सफाई अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने विद्यालय परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर सभी फील्ड तथा कमरों की विधिवत सफाई की। इस दौरान सफाई कर्मी की टीम ने पूरे विद्यालय परिसर में चूना भी डाला।

## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर विजेता, काकरकुई बनी उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पीएम श्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम सौरिख में हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 71 अंक प्राप्त कर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर विजेता एवं 47 अंक प्राप्त कर पीएम श्री काकरकुई विद्यालय हसेरन उपविजेता घोषित हुआ। चैंपियनशिप पी.एम. श्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर बालक वर्ग में केशव ने तथा बालिका वर्ग में पी.एम. श्री काकरकुई विद्यालय से सुहाना ने जीती।

मंगलवार को हुए आयोजन में एथलेटिक्स के अंतर्गत 11 से 14 आयु वर्ग में 50 मीटर दौड़ ,100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 4 400 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो ,शॉट पुट बालक-बालिका वर्ग में प्रतियोगिताएं हुईं। टीम इवेंट में बालक- बालिका वर्ग में कबड्डी , खो-खो, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस की प्रतियोगिता हुई, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र प्रदान कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने सम्मानित किया। शशिकांत शुक्ला के संचालन में हुई प्रतियोगिता के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, विश्वनाथ पाठक, विपिन कुमार, आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे।




ट्रॉफी के साथ टीम। अमृत विचार

## रोडवेज बस-कार भिड़ीं दो लोग हुए घायल

**कन्नौज।** जीटी रोड मण्डी समिति के निकट रोडवेज की अनुबंधित बस और कार में भिड़ंत हो गई। इससे कार सवार न्यायालय कर्मी व बैंक कर्मी घायल हो गये। उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली के सरायमीरा चौकी क्षेत्र स्थित पूर्वी बाईपास पर मण्डी समिति के निकट मंगलवार को सरायमीरा से कन्नौज डिपो की बस कानपुर जा रही थी। जैसे ही वह मण्डी के निकट पहुंची उसी समय सामने से आ रही कार से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के समय कार में न्यायालय कर्मी मुकेश निवासी कानपुर के न्यू डेरी फार्म कल्यानपुर के निवासी और ग्रामीण बैंक गोसाइदासपुर के मैनेजर सचिन कुमार सवार थे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कायमगंज व्यापार मंडल ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों के निराकरण के लिए एफडीए भवन, नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा।

ज्ञापन के पहले बिंदु में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए निर्धारित 12 लाख रुपये की वार्षिक टर्नओवर सीमा को महंगाई के अनुरूप बहुत कम बताया गया। व्यापार मंडल ने मांग की है कि इस सीमा को बढ़ाकर 40 लाख रुपये वार्षिक टर्नओवर तक किया जाए। पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में खाद्य पदार्थों का बड़ा व्यापार ऑनलाइन फूड चेन सप्लाई और मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन ऑनलाइन डिलीवरी वाले के पास फूड लाइसेंस नहीं होता।

## दुष्कर्म आरोपियों के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

संवाददाता, कायमगंज

- 5 माह पूर्व कंपिल के एक कोचिंग संस्थान में हुआ था मामला

**अमृत विचार।** छात्रा से दुष्कर्म के आरोपियों की दुकानों और अवैध निर्माण पर मंगलवार सुबह पीला पंजा चला। बुलडोजर ने देखते ही देखते अवैध दुकानों और निर्माण को जमींदोज कर दिया, जिससे पीड़िता के परिवार में खुशी है।

मामला करीब पांच माह पूर्व का बताया जा रहा है, जब कंपिल के एक कोचिंग सेंटर में तीन युवकों ने एक किशोरी को कथित रूप से कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपियों ने घटना का अश्लील वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक शोषण किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अनस, सलमान और शिबू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। न्यायालय में पेशी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया था। मंगलवार को निजामुद्दीनपुर गांव आरोपी अनस का गांव में गाटा संख्या 336 की नवीन परती भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर से ढहा दिया गया। इसके अलावा गंगा रोड स्थित शिबू और सलमान की दुकानों व मकानों के अवैध हिस्सों के साथ मुख्य चौराहे के समीप अन्य अतिक्रमणों को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने शकील मार्केट का भी सीमांकन कराया। राजस्व टीम के अनुसार, मार्केट का कुछ हिस्सा कब्रिस्तान की भूमि पर बना पाया गया है। हालांकि, मार्केट स्वामी शकील ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि निर्माण नगर पंचायत के स्वीकृत नक्शे के अनुसार है और मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने मुख्य प्रकरण के आरोपियों से किसी भी प्रकार के संबंध से भी इनकार किया है। गांवपुर निवासी मकान मालिक आवेज़ अली पुत्र हामिद अली ने बताया कि जिस भवन पर कार्रवाई की गई, वहां उनका एक कंप्यूटर सेंटर संचालित था, जिसे उन्होंने अपने भांजे को किराये पर दे रखा था। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर सेंटर में जो भी प्रकरण हुआ, उसमें संबंधित लोगों को सजा मिल चुकी है, लेकिन भवन स्वामी के रूप में उनका उससे कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। प्रशासन का कहना है कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नियमानुसार की गयी है।

## ट्रेन में चढ़ते समय वृद्ध का फिसला पैर, मौत

**फर्रुखाबाद।** शहर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 63 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ब्रह्मानंद राजपूत (63) शहर के मोहल्ला बजरिया का निवासी था। परिजनों के अनुसार ब्रह्मानंद राजपूत आलू के व्यापारी थे और रोजाना की तरह सोमवार सुबह कमालगंज जाने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि वह कालिंदी ट्रेन से कमालगंज जा रहे थे। ट्रेन में चढ़ते समय अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और हाथ फिसल जाने से वह नीचे गिर पड़े। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## कर्ज के बोझ तले दबे व्यापारी ने फांसी लगा की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के बरौन गांव में कर्ज से परेशान एक 36 वर्षीय व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।



एहसान मोहम्मद।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरौन गांव निवासी एहसान मोहम्मद भैंसों के व्यापार का कार्य करते थे। परिजनों के मुताबिक पिछले कुछ समय से उनके व्यापार में भारी नुकसान हो गया था, जिसके चलते वह लाखों रुपये के कर्ज में डूब गए मृतक की पत्नी हुस्ना बेगम ने बताया कि व्यापार में हुए नुकसान के बाद उन्होंने कुछ महीने पहले अपना खेत बेचकर कर्ज का एक हिस्सा चुका दिया था, लेकिन इसके बावजूद काफी रकम बाकी रह गई थी। कर्जदाता लगातार तकादा कर रहे थे, जिससे वह अत्यधिक तनाव में थे। पत्नी के अनुसार बीती रात उनकी किसी व्यक्ति से फोन पर लंबी बातचीत हुई थी। इसके बाद सुबह जब परिजन उठे तो वह घर में नहीं मिले। परिजनों की तलाश के दौरान घर से करीब 20 मीटर दूर एक बरगद के पेड़ पर अंगौछे के सहारे उनका शव लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एहसान मोहम्मद अपने पीछे पत्नी हुस्ना बेगम, दो बेटियां, दो बेटे और छोटे भाई सहवान को छोड़ गए हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खेल प्रतियोगिता 'दद्दू जी फर्स्ट लॉ स्पोर्ट्स वीक' का समापन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के विधि संकाय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'दद्दू जी फर्स्ट लॉ स्पोर्ट्स वीक' का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। विश्वविद्यालय के संरक्षक शिक्षाविद् डॉ. बाबू सिंह यादव 'दद्दू जी' ने क्रिकेट विजेता टीम 'लॉ लीजेंड्स' के कप्तान अम्बुज पांडेय को ट्रॉफी प्रदान की।

कृष्णा वाटिका खेल मैदान में आयोजित समारोह में संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव व डीन डॉ. राजपाल सिंह ने सप्ताह भर चली विभिन्न स्पर्धाओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इसी क्रम में क्रिकेट मैच के फाइनल मुकाबले में लॉ लीजेंड्स ने लीगल टाइटंस को हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वॉलीबाल की फाइनल ट्रॉफी जस्टिस लीग की टीम को मिली। छात्रों का कबड्डी मुकाबला ज्यूरिस स्कॉट (11) को हराकर लीगल टाइटंस (15) ने जीता। टग ऑफ वॉर में जस्टिस लीग विजेता चुना गया। 100 मीटर छात्रों की दौड़ में जितेन्द्र प्रथम, मोहम्मद कैफ द्वितीय तथा आकाश तीसरे स्थान पर रहे, जबकि छात्राओं में बबिता पाल प्रथम, अंजलि यादव द्वितीय तथा वर्षा तीसरे स्थान पर रहीं। लंबी कूद में मोहम्मद कैफ, जितेन्द्र तथा आकाश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। छात्राओं के शॉटपुट में बबिता पाल, छात्रों में मो. शहनवाज प्रथम रहे। छात्रों के म्यूजिकल चेयर मुकाबले में पवन राजपूत प्रथम तथा छात्राओं में हर्षिता विजेता रहीं। छात्रों की लेमन रेस में बलराम प्रथम रहे। इस दौरान संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव ने विचार व्यक्त किए।



प्रशस्ति पत्रों के साथ विधि छात्र व मौजूद कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव व अन्य।

## डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय कमालगंज का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय कमालगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र पटल, आधार कार्ड संसोधन पटल का निरीक्षण किया, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी द्वारा स्टोर चेक किया गया। निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने, खराब मशीनों की मरम्मत कराने जलकर व गृहकर की वसूली में तेजी लाने, राज्य वित्त व 15वें वित्त के पैसे को कार्ययोजना बनाकर उपभोग करने के निर्देश दिए।

**कार्यक्रम** | फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

## 'अग्नि रेखा' में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'अग्नि रेखा' का विश्वविद्यालय संरक्षक डॉ. बाबू सिंह यादव एवं कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने शुभारंभ किया।

कृष्णा वाटिका खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात शिक्षाविद् डॉ. बाबू सिंह यादव, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, प्रथम कुलपति एवं सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव तथा डीन इंजीनियरिंग डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने खेल उत्सव 'अग्नि रेखा' के पोस्टर का अनावरण कर खेलकूद की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह ने घोषणा की कि सभी संकायों की खेलकूद प्रतियोगिताएं समाप्त होने के बाद सभी संकायों के बीच आपसी मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिससे यह तय होगा कि कौन सा संकाय खेल प्रतिस्पर्धाओं के प्रति सबसे अधिक सक्रिय और प्रतिभावान है। फैकल्टी के डीन डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि 'अग्नि रेखा' के अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, आर्म्स रेसलिंग, एथलेटिक्स, शतरंज आदि के रोमांचक मुकाबले कराए जाएंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल चौहान, कुलसचिव रणजीत यादव, पुनीत राजपूत, अंकित लाल, सोनू वर्मा, विशाल सिंह, दीपेंद्र सिंह, श्वेता श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मौजूद डॉ. बाबू सिंह यादव, कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह यादव व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### मिल की टंकी में गिरने से कर्मचारी की मौत

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुढहा मार्ग पर स्थित एक आटा मिल में सोमवार रात एक कर्मचारी की टंकी में गिरने से मौत हो गई। लवकुश पुत्र चेला उम्र करीब 23 वर्ष जो श्री राम एग्रो आटा मिल जारी खेड़ा रोड पर गेहूं छानने का काम करते थे अचानक टंकी में चले गए जिससे दम घुटने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। जानकारी होने पर उसे टंकी से निकाल कर सीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

### श्मशान स्थल निर्माण की मांग को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

जसवंतनगर। सिसहाट क्षेत्र में श्मशान स्थल निर्माण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (धरतीपुत्र किसान) के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद चेयरमैन सत्य नारायण शंखवार व अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनी माधव यादव के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने बताया कि सिसहाट वार्ड संख्या 1 एवं वार्ड संख्या 20 में आज तक कोई अधिकृत श्मशान स्थल नहीं है। इसके चलते ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए दूर-दराज स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी असुविधा और आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। ज्ञापन देने वालों में डॉ. प्रतीक यादव, विजय कुमार, रवि यादव, रामपाल, अरविंद, उदय प्रताप, हिमांशु यादव, रामप्रकाश, अरुण कुमार, अजीत पाराशर, गिरीश चंद आदि लोग रहे।

### ठिलिया से टकराकर बाइक सवार की मौत

ताखा। क्षेत्र के अंतर्गत कठौतियां के पास बाइक की ठिलिया से टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। उक्त गांव निवासी शांति स्वरूप उर्फ सिंकु (30) बाइक से भरतिया चौराहे से अपने गांव कठौतिया जा रहा था। तभी उसकी बाइक एक ठिलिया से टकरा गई, जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा हेलमेट ना पहनने से सिर में गंभीर चोट आयीं और घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राशन डीलर के चुनाव में सरिता रही विजई

महेवा। विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत बम्होरा हुमायूंपुर में राशन डीलर का चुनाव चौथी बार में संपन्न हुआ। दो प्रत्याशियों की आमने सामने टक्कर में बम्होरा की सरिता देवी पत्नी प्रीतम सिंह को एकतरफा 485 वोट मिले तथा विरोधी प्रत्याशी सुधा देवी पत्नी शैलेन्द्र कुमार को केवल 27 लोगों का समर्थन रहा। इस दौरान प्रधान हरगोविंद पाल, सदस्य ग्राम पंचायत राघवेंद्र गौतम, अमन कुमार, अजय सिंह, बालक राम, रविकांत हजारों की संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत बख्तियारपुर टोल प्लाजा के पास बाइकों की आपस में हुई टक्कर में सुबोध निवासी मैनपुरी व अवनेश घायल हो गए। वहीं थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत पोस्टमार्टम हाउस के पास बाइक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा चालक अनीस घायल हो गया।

### वीरेंद्र स्वर्णकार बने जालौन के जिला अध्यक्ष

जालौन। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ द्वारा आयोजित बनारस सम्मेलन में मोहल्ला चौधरयाना निवासी वीरेंद्र स्वर्णकार पुत्र स्व. श्री राम को जालौन जनपद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। जिससे स्वर्णकार समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर एम पारिक, प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ, प्रदेश महामंत्री शैलेश वर्मा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अमित सोनी की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्ति की घोषणा की गई। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वीरेंद्र स्वर्णकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज की एकजुटता, युवा सशक्तिकरण, सामाजिक सम्मान एवं व्यापारिक हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा और प्रत्येक सदस्य को संगठन से जोड़कर जनपद में एक मजबूत एवं सक्रिय इकाई का निर्माण किया जाएगा।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों के साथ की मारपीट, पुलिस ने शांत कराया



परिजनों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

कार्यालय, संवाददाता इटावा

अमृत विचार। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुसावली मड़ैया में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालियों पर गला घोंटकर हत्या का आरोप लगाया और ने ससुरालियों के साथ मारपीट कर दी। मौके पर पुलिस और नायब तहसीलदार को हस्तक्षेप करना पड़ा।

गुंजन 22 वर्ष पत्नी पवन कुमार की फांसी लगाने से मौत हो गई। मायके पक्ष के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और ससुराली जनों से बहस करने लगे, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत बीच बचाव किया। गुंजन के पिता राकेश बाबू निवासी जिला आगरा का आरोप है कि ससुरालियों ने पहले मारपीट की और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। उनका कहना है कि शादी के बाद से चार लाख रुपये दहेज की मांग की जा रही थी। परिवार का आरोप है कि सास, जेठ और पति ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। मृतका के पिता राकेश कुमार ने कहा कि शव पर नीले निशान दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि बिना पुलिस को सूचना दिए सीधे शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया, जिससे उन्हें संदेह और बढ़ गया। पति पवन कुमार ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि वह सुबह खेत पर पानी लगाने गया था। इसी बीच फोन पर पत्नी के आत्महत्या करने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि रात में परिवार के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था और सब कुछ सामान्य था। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर शांत कराया।

### गृह कलह से परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान

जसवंतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खुमान में मंगलवार सुबह एक 32 वर्षीय युवक ने गृह कलह से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नगला खुमान निवासी अमन कुमार (32) मेडिकल कम्पॉउंडरी का कार्य करता था। मंगलवार सुबह उन्होंने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि घटना से पहले उनका पत्नी राखी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने यह कदम उठा लिया। मृतक अपने पीछे पत्नी राखी और चार वर्षीय पुत्र विहान को छोड़ गए हैं। परिवार में बड़े भाई अवनीश, छोटे भाई कौशलेंद्र तथा मां सरोजा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के समय परिजन घर के बाहर बैठे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान संघ ने भी बीडीओ पर लगाए भ्रष्टाचार और वसूली के आरोप

संवाददाता, सैफई इटावा



एसडीएम को ज्ञापन देते प्रधान। अमृत विचार

अमृत विचार। विकास खंड सैफई में खंड विकास अधिकारी को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। 10 फरवरी को ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद मंगलवार को प्रधान संघ सैफई शाखा ने भी एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए हैं।

10 फरवरी को ग्राम पंचायत सचिवों ने संयुक्त रूप से शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि बीडीओ गौरव पुरोहित द्वारा बैठकों व फोन पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा नियम विरुद्ध कार्य कराने के लिए दबाव बनाया जाता है। सचिवों ने यह भी आरोप लगाया था कि पंचायतों से प्रतिमाह 1000 से 1500 रुपये तक की धनराशि की मांग की जाती है और मनरेगा कार्यों में सामग्री मद एवं मस्टर रोल के नाम पर लगभग सात प्रतिशत कमीशन मांगा जाता है। सचिवों ने निष्पक्ष जांच न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी।

मंगलवार को प्रधान संघ सैफई शाखा के अध्यक्ष राधा कृष्ण यादव के नेतृत्व में विभिन्न ग्राम पंचायतों के निर्वाचित प्रधानों ने संयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के भुगतान और मस्टर रोल की प्रक्रिया में सात से दस प्रतिशत तक कमीशन की मांग की जाती है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से प्रति माह 1000 से 2000 रुपये तक की वसूली कथित रूप से सीडीओ व अन्य अधिकारियों के किचेन खर्च के नाम पर कराई जा रही है। संयुक्त ज्ञापन ग्राम पंचायत गीजा, लछवाई, झिगूपुर, नगला सुभाना, हरदोई, अतिराजपुर, परासना, सहसारपुर, सैफई और नरोहली भिड़रुआ सहित लगभग दो दर्जन ग्राम प्रधानों द्वारा हस्ताक्षर है। प्रधान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर जांच शुरू नहीं की गई तो संगठन धरना-प्रदर्शन करेगा।

# नो मैपिंग केस में मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र व जाति प्रमाण मान्य : डीएम

कार्यालय, संवाददाता इटावा



बैठक में एसआईआर पर नेताओं से चर्चा करते डीएम। अमृत विचार

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

अमृत विचार। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में विद्यमान है अगर वह अपना नाम कहीं दूसरी जगह दर्ज कराना चाहते हैं तो वह फॉर्म 8 भरकर उसे स्थानांतरण करेंगे ना कि फॉर्म 6 भरेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनकी जनसुनवाई चल रही है तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की भी नोटिस आयोग के निर्देशानुसार जनरेट किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस कार्य में अपना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की सूची तैयार है एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में तीन अभिलेख ही लगाने हैं साथ ही कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सुनवाई करेंगे। आवेदक के आधार कार्ड, पैन कार्ड भी मान्य कर दिया गया है। एईआरओ द्वारा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग केस में आवेदक के मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्मप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण मान्य हैं। उन्होंने बताया कि सुनवाई 27 मार्च तक की जाएगी। बैठक में एसडीएम न्यायिक दीप शिखा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, सत्येंद्र राजपूत भाजपा, प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष सपा, उदयभान सिंह सपा, संजीव भदौरिया भाजपा, वाचस्पति द्विवेदी कांग्रेस, इकरार अहमद आप, मोहित जाटव बसपा, प्रेम शंकर माकपा सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

### बरगद के पेड़ को जबरन काटने का लगाया आरोप

इटावा। वन विभाग के सामने स्थित आवास विकास के बी ब्लॉक में मंदिर वाले पार्क में कुछ दबंग लोगों ने वहां खड़े बरगद के पेड़ को जबरन काटने का प्रयास किया। विरोध करने पर पेड़ काटने वाले धमकी देने लगे।

उक्त मोहल्ला निवासी रिटायर्ड पुलिस अधिकारी राम नाथ सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने मंदिर के पास बरगद का पेड़ लगाया था। मंगलवार को कुछ अराजक तत्व पेड़ को काटने के लिए पहुंच गए और पेड़ काटने लगे। उन्होंने बड़ी बड़ी दो डालों को काट दिया। जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और पेड़ काटने की परमीशन मांगी जिस पर वह नहीं दिखा सके। इस सम्बंध में उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र दिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने लेखपाल पुष्पेंद्र भदौरिया को पेड़ कटने से रुकवाने को भेजा। पेड़ काटने से मोहल्ले के लोगों में काफी नाराजगी व्याप्त है।

# टोल प्लाजा कर्मी जनता से कर रहे अभद्रता

संवाददाता, बकेवर इटावा

अमृत विचार। सपा नेता उदय भान सिंह ने डीएम से टोल कर्मियों द्वारा नागरिकों से हो रही अभद्रता की शिकायत की। कहा जिला प्रशासन को गुमराह कर एनएचए आई अलग हाईवे बताकर और अधूरे निर्माण पर कम टोल शुल्क लेने की बात कह कर मानक के विपरीत 60 किमी दूरी में दो टोल प्लाजा शुरू कर जनपद वासियों को लूट रहे हैं।

उन्होंने कहा इटावा-फर्रुखाबाद मार्ग पर चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गंगापुरा-बख्तियारपुरा चौराहा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया टोल प्लाजा बिना मानक के शुरू हो गया जो की अंशिका इंटरप्राइजेज बनारस की कंपनी को टोल प्लाजा तीन महीने के ट्रायल पर दिया गया है। टोल कर्मियों द्वारा नागरिको के साथ अभद्रता और मारपीट की जा रही है टोल प्रबन्धन जिला प्रशासन को गुमराह कर रहा है। कि यह ग्वालियर बरेली हाईवे एक नही है ये दो हाईवे है इस लिए ये टोल बना है और अगर सड़क खराब है इसलिए टोल पर कम पैसे ले रहे है सड़क बन जाने के बाद टोल शुल्क और बढ़ाया जायेगा लेकिन मानक के अनुसार एनएचएआई के अंतर्गत किसी भी हाईवे पर 60 किमी के बाद दूसरा टोल बन सकता है जबकि इस टोल से लगभग 30 किमी दूर मध्य प्रदेश के जनपद भिण्ड के बरही में टोल प्लाजा पहले से चालू है। इस टोल प्लाजा को शुरू करने की इतनी जल्दबाजी की गई है कि इटावा और टोल प्लाजा के बीच दतावली नहर पुल, लुहिया नहर पुल पर निर्माण कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी से जनहित मे मांग है कि नागरिको से हो रही अभद्रता करने वाले कर्मियों पर कार्यवाई के साथ जो टोल प्रबन्धन गुमराह कर रहा है इस टोल प्लाजा की वसूली को तत्काल रोका जाय।

### ताना मारने पर चले लाठी-डंडे

भरथना। कस्बा के मोहल्ला सब्जी मंडी में सोमवार देर शाम मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। दो सब्जी विक्रेताओं के बीच ताना मारने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे तथा ईंट-पत्थर चलने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद माहौल गरमा गया। लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों ओर से मारपीट शुरू हो चुकी थी। इस झड़प में एक पक्ष के सूरज तथा दूसरे पक्ष के अनिल निवासीगण महावीर नगर घायल हो गए। दोनों को चोटें आने पर परिजन तत्काल उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

संवाददाता, कालपी जालौन

- पुरस्कार के रूप में दी जायेगी नकद धनराशि

अमृत विचार। निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तहसील क्षेत्र के 4 बीएलओ सम्मानित होंगे। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

पंचायत चुनाव में ज्यादा वक्त नहीं है निर्वाचन आयोग पंचायत की मतदाता सूची को भी आनलाइन करने करने की प्रक्रिया में लगा है। जिसके लिए काफी दिनों से बीएलओ मतदाता सूची को आनलाईन करने में लगे हैं। हालांकि यह काम पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी डॉ राजेश पाण्डेय के द्वारा जनपद में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ की सूची तैयार की है जिसमें विभिन्न ब्लॉक के कुल 8 बीएलओ चिह्नित किए गए हैं, जिसमें महेवा ब्लॉक क्षेत्र के सरसई गांव के बीएलओ प्रवीण सिंह प्रथम स्थान पर हैं, जिन्हे दस हजार रुपये मिलेंगे तो दूसरे स्थान पर कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम आटा की बीएलओ सरमनिया कुशवाहा हैं, जिन्हें आठ हजार रुपये दिया जाना है, इसके अलावा कदौरा ब्लॉक के अकबरपुर इटौरा के बीएलओ उवैश को चौथा स्थान मिला है उन्हें 3000 हजार रुपये, प्रोत्साहन राशि के रूप में मिलेगी तो इसी ब्लॉक के ग्राम कठपुरवा के बीएलओ श्रीबाबू को छठा स्थान मिला है उन्हें भी 3000 रुपये देकर प्रोत्साहित किया जाना है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार जनपद में कुल आठ बीएलओ को ऐप पर मतदाता सूची बनाए जाने के कार्य के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने के लिए चिह्नित किया गया था, जिसमें प्रथम स्थान के साथ इस सूची में उनके आधे बीएलओ हैं।

# प्रशिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा



प्रशिक्षण के बाद खड़े स्काउट गाइड। अमृत विचार

- सात दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

अमृत विचार। भारत स्काउट और गाइड, के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। यह शिविर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त अतुल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एवं बीएसए डॉ राजेश कुमार एवं सहायक संगठन आयुक्त (स्काउट गाइड) कानपुर मण्डल मयंक शर्मा तथा जिला सचिव रविंद्र सिंह यादव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 89 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए कुशल और अनुशासित नेतृत्व तैयार करना रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का विवरण निम्नलिखित है। बेसिक कोर्स 30 स्काउट मास्टर और 33 गाइड कैप्टन, एडवांस कोर्स 19 स्काउट मास्टर और 09 गाइड कैप्टन को कड़े अनुशासन में प्रशिक्षण मिला। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउटिंग के सिद्धांतों, कड़े अनुशासन और सेवा भाव का पाठ पढ़ाया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में हुआ। एडवांस प्रशिक्षण लीडर ऑफ द कोर्स दिग्विजय पचौरी (एलटी) एवं कुसुम वर्मा (एएलटी) बेसिक प्रशिक्षण लीडर ऑफ द कोर्स अच्युत कुमार त्रिपाठी (एएलटी) व स्वीटी मथुरिया (एएलटी) के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक अब अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर नागरिक बनाने और उनमें अनुशासन व सेवा की भावना भरने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षक नफील अख्तर आजाद, विपिन कुमार, मंजूलता, सुनील कुमार, अर्चना चौधरी रहीं।

# योगाभ्यास और स्वच्छता अपनाने पर दिया जोर

संवाददाता बकेवर इटावा

- एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन वक्ताओं ने दी जानकारी

अमृत विचार। जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकालीन योगाभ्यास के साथ हुआ। योग सत्र का उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक अनुशासन विकसित करना रहा। इसके उपरांत "स्वच्छता अभियान" विषय पर प्रथम तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने गांव में जन-जागरूकता के लिए रैली निकाली।

मुख्य वक्ता डॉ. एमपी. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन, रोग-नियंत्रण और राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए इसे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. पीके. राजपूत ने स्वच्छ भारत अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्य, उपलब्धियों तथा नागरिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक नागरिक सक्रिय सहभागिता निभाए। इसके पश्चात ग्राम खितौरा में जन-जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने प्रेरणादायक नारों और स्लोगनों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा नुक्कड़ नाटक के जरिए प्रभावी संदेश प्रस्तुत किए।

धर्म अध्यात्म | हैंवरा कोठी पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रहे भक्त

# संतों के साथ मिलता है ज्ञान : प्रणवपुरी

कार्यालय, संवाददाता इटावा



कथा सुनाते प्रणव पुरी जी महाराज।

अमृत विचार। हैंवरा कोठी पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए उज्जैन स्थित महामृत्युंजय मठ महाकाल लोक के पीठाधीश्वर स्वामी श्रीप्रणवपुरी महाराज ने कहा कि ज्ञान प्राप्ति का सबसे बड़ा साधन संतों का संग है, जीव जब तक उनके चरणों की रज नहीं लेता, उसे तत्व ज्ञान नहीं हो सकता।

ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए प्रणवपुरी महाराज ने कहा कि जहां सुनीति होती है, वहां ध्रुव जैसा भक्त पुत्र जन्म लेता है और जहां सुरुचि यानी स्वेच्छाचारिता होती है, वहां दुष्ट संतान पैदा होती है। उन्होंने आगे कहा कि उत्साहवर्धन को हतोत्साहित करना ही लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाता है, जैसे बालक ध्रुव से जब नारद जी ने कहा कि तुम अभी बहुत छोटे हो, तपस्या नहीं कर पाओगे, तो ध्रुव ने उसे चुनौती के रूप में लेते हुए कठोर तपस्या की और भगवान के दर्शन पाए और वह ध्रुव जिन्हें उनके पिता उत्तानपाद ने गोद से उतार दिया था, वही सारे सैन्य साज समाज के साथ उनके स्वागत के लिए गए। जड़-भरत के प्रसंग की तात्विक चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राजा रहुगण जब महाज्ञानी जड़ भरत जी से ज्ञान प्राप्ति का साधन पूछते हैं तो वह कहते हैं कि ज्ञान प्राप्ति कोई किताब आदि पढ़ लेने मात्र से नहीं हो सकता, जब तक कि संत महापुरुषों के चरणों की रज नहीं मिलती। वास्तव में संतों का संग ही ज्ञान प्राप्ति का परम साधन है। उसके बाद उन्होंने अजामिल और भक्त प्रहलाद की कथाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के अंत में परीक्षित दंपति कुमुदेश चंद्र यादव, रमा यादव ने व्यास गद्दी की आरती की। जितेंद्र प्रताप यादव, अनुज यादव, नीरज यादव, सौरभ यादव, मुकुल यादव, नितुल, दिव्यांश, अर्पित, अमित, प्रतीक एवं सभी परिवारजनों ने प्रसाद वितरण किया। कथा 21 फरवरी तक होगी। कथा का समय दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक है।

### नमाज पढ़ने निकला किशोर 5 दिन से लापता

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के चिमनदुबे निवासी शाकिर ने बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र समर दिलदार मोटर्स छत्रसाल रोड जालौन में डेंटिंग पेटिंग का काम सीख रहा है। 13 फरवरी 2026 को पेंटिंग कलर लेने उरई गया था। कलर लेकर वापस दुकान भी आया था। इसके बाद दुकान पर नमाज पढ़ने के लिए बोलकर चला गया। इसके बाद वह न तो घर वापस आया और न ही दुकान पहुंचा है। जब दुकान के मालिक दिलदार से बच्चे के बारे में पूछ तो बताया कि करीब 2 बजे नमाज की कहकर समर दुकान से छुट्टी लेकर चला गया था। उसके बाद कहां गया जानकारी नहीं है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों व जानने वालों से सम्पर्क किया किन्तु उसका पता नहीं चल रहा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटे को खोजने की गुहार लगायी है।

# अवैध अतिक्रमण पर जल्द गरजेगा बुलडोजर

कार्यालय, कालपी जालौन

अमृत विचार। नगर सीमा में हाईवे की जमीन पर हो चुके अतिक्रमण पर कभी भी बुलडोजर चल सकता है। प्राधिकरण जल्द ही उन्हें हटाने जा रहा है, जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से आवश्यक पुलिस बल की मांग की है ताकि कहीं पर कोई अराजकता न हो सके।

प्रदेश में 2018 में फ्लाई ओवर बनने की शुरुआत हुई थी। निर्माणाधीन इकाई ने जहां जैसी जगह मिली वैसे ही सर्विस रोड का निर्माण कर दिया था और बाकी बची अधिग्रहित जमीन पर फिर से अतिक्रमण हो गया था। प्राधिकरण के रिकार्ड के अनुसार इसमें 28 स्थाई अतिक्रमण चिह्नित किय गये हैं, लेकिन अब फोरलेन परियोजना के विस्तारीकरण की कवायद फिर शुरू हुई है। इसमें छह लेन का रोड बनाया जाना है, जिसका प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है, लेकिन विभाग इससे पहले अतिक्रमण हटाने की तैयारी कर रहा है। इसकी कवायद भी शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के सूत्रों की मानें तो गत दिनों अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया था, लेकिन विरोध के चलते उसे बन्द करना पड़ा था, जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तकनीकी अधिकारी हेमंत मीना ने स्थानीय प्रशासन को पत्र भेजकर पुलिस बल उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया है। इसमें तकी मस्जिद से दुर्गा मन्दिर तक का क्षेत्र चिह्नित किया गया है। एनएचआईटी के क्षेत्रीय प्रबन्धक इंगलेश शर्मा के अनुसार जैसे ही पुलिस बल उपलब्ध होगा वैसे ही अभियान शुरू हो जाएगा।

### दीपक द्विवेदी ने जेईई मेन में पाये 97.7 परसेंटाइल



जालौन। सोमवार शाम जारी जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में दीपक द्विवेदी ने 97.7 परसेंटाइल प्राप्त कर गांव और अपने परिवार का नाम रोशन किया। आइआइटी प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के पहले सत्र में किसान के बेटे दीपक द्विवेदी ने 97.7 परसेंटाइल प्राप्त किये हैं। माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम गढेरना निवासी दीपक के पिता सललि द्विवेदी खेती किसानी करते हैं। महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी कॉलेज के छात्र दीपक द्विवेदी ने घर में रहकर अपनी तैयारी की तथा पहले ही प्रयास में उसने शानदार सफलता प्राप्त की। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में खुशियों का माहौल है।

## न्यूज ब्रीफ

### करंट से मोर की मौत

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव भवानीपुर्वा में मंगलवार सुबह करीब सात बजे बिजली के तारों की चपेट में आजाने से मोर की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण रमेश सिंह, हरी सिंह, राहुल प्रजापति, कुलदीप व भोला ने बताया है कि आये दिन इन तारों की चपेट में आने से पक्षियों की मौत होती रहती है। वन दरोगा विश्राम सिंह ने बताया कि मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान, लोको पायलट ने ट्रेन रोकी

**अछल्दा।** दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर मंगलवार शाम 6:09 एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना खंभा संख्या 1115/4 से 1115/2 के बीच डाउन ट्रैक पर शाम 6:09 बजे हुई। जानकारी के अनुसार डाउन ट्रैक पर जा रही 12947 आजीमाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस से युवक कट गया। इसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मृतक की पहचान अनिरुद्ध प्रताप सिंह उर्फ शिवम (30) पुत्र इंद्र बहादुर सिंह निवासी धनवाली थाना कुदरकोट के रूप में हुई है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के सुभानपुर गांव के पास मंगलवार दोपहर दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे की है। रमी नगला निवासी अभिषेक कुमार (20) पुत्र चरन सिंह अपने ताऊ अकबर सिंह (45) को बाइक पर बैठाकर घर लौट रहे थे। सुभानपुर गांव के पास सामने से आ रहे रजनीश कुमार (24) पुत्र रमेश चंद निवासी सुभानपुर अचानक अपनी बाइक लेकर सड़क पर आ गए। इससे दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया।

# कोर्ट में बयान से पलटी युवती, कहा परिजनों के साथ जाएगी

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती फिल्मी ड्रामा में प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने 183 बीएनएसएस (कलम बंद बयान) के लिए जिला न्यायालय पेश किया तो कोर्ट में बयान देने के बाद युवती ने बताया कि वह अपने घर जाना चाहती है। वह उस लड़के के साथ कैसे गई उसे नहीं पता। बिस्तर पर सांप की केचुल रखने वाली बात पर भी वह अंजान बन गई। जबकि बीते शुक्रवार को लड़की ने फफूंद थाने में आकर लड़के के साथ ही रहने की बात कही थी। कहा था कि उसने कानपुर में आर्यसमाज मंदिर में शादी भी कर ली थी। जिसकी फोटो भी उसने दिखाई थी, कहा था कि स्वजनों ने ही केंचुल रखकर लड़की के नागिन बनने की बात का नाटक किया था। आज लड़की अपने इस बयान से मुकर गई।

21 वर्षीय युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग था। इसी बात को लेकर युवती अपने प्रेमी गांव निवासी युवक के साथ फरार हो गई। सुबह घर वालों ने बताया कि बिस्तर पर सांप की केंचुल रखी है और लड़की के गहने आदि भी। इसके बाद गांव में खबर फैल गई कि लड़की नागिन बन गई है। इस बात पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है। लड़की के पिता ने रात में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। लड़की ने नागिन बनने का ड्रामा करके प्रेमी के साथ फरार होने की खबर देश भर में सुर्खियां बटोरने लगी। जिसके बाद लड़की ने इंस्टाग्राम में एक वीडियो अपलोड कर जानकारी दी कि वह अपनी मर्जी से गई और उसने प्रेमी के साथ शादी कर ली है। पुलिस सर्विलांस से पता करने में जुटी थी। इसके साथ ही इंस्टाग्राम के कई वीडियो रीना के डांस के चलने लगे। लोग सोशल मीडिया पर तरह तरह के कमेंट कर रहे थे। इस बीच लड़की शुक्रवार की सुबह फफूंद थाने में आ गई। युवती ने बताया कि वह अपनी मर्जी से गई थी। उसने बिस्तर पर केंचुल रखकर भागने का कोई ड्रामा नहीं किया। यह सब उसके घर वालों ने किया है। वह तो ऐसे ही रात में प्रेमी के साथ चली गई थी।

### सपने में आता था सांप, पुलिस ने युवती को पिता के सुपुर्द किया

- युवती ने बताया कि उसके सपने में सांप आता था और एक सांप उसके साथ लेटता था। यह बात उसने घर वालों को बताई थी। बताया कि एक सांप की केंचुली थी जिसे उसने घर पर रख दिया था। उसी केंचुली को बिस्तर पर रखकर घर वालों ने ड्रामा कर दिया है। सोमवार को युवती को कलमबंद बयान के लिए न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से निकलने के बाद युवती ने एक वीडियो में बताया कि वह अपने घर जाना चाहती है। उससे पूछने पर बताया कि वह नहीं जानती कि वह कैसे गई, उसे होश नहीं था। बिस्तर पर सांप की केंचुल वाली बात भी नहीं जानती। कोर्ट परिसर में वह घर जाने की ही रट लगाती रही। इस संबंध में पाता चौकी इंचार्ज नरेन्द्र कुमार ने बताया कि युवती ने अपने परिवार के साथ रहने की इच्छा जताई थी। इसलिए उसको उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, गई जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कानपुर देहात जिला के मंगलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कसोलार गांव में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की शादी नवंबर में तय थी।



अंकित।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अंकित किसी काम से घर से बाहर गए थे। लौटते समय खेत के पास से गुजरते हुए वे हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और परिजनों ने तत्काल औरैया के 50 बेड वाले अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार अंकित चार भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार का प्रमुख सहारा भी था। घर में उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं और नवंबर में विवाह तय था। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगी हाईटेंशन लाइनों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।

# त्योहारों को मेलजोल के साथ मनाएं किसी की भावना को ठेस न पहुंचाएं

## डीएम ने कलेक्ट्रेट में होली, रामनवमी और ईद-उल-फितर को लेकर की बैठक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी त्योहार होलिका दहन, होली, ईद उल फितर, रामनवमी व रमजान को दृष्टिगत डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखते हुए भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं देखें और यदि कोई अव्यवस्था नजर आती है तो आपसी समन्वय के साथ उसका निदान भी कराएं।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने आमजन से अपेक्षा की, कि वह एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर खुशी के माहौल में शरीक होकर मनाएं। यह भी ध्यान रखें की कोई किसी के साथ ऐसा व्यवहार न करे कि किसी की भावना को ठेस पहुंचे जिसके कारण मनमुटाव बढ़े और शांति भंग की स्थिति उत्पन्न हो। डीएम ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत निर्देश दिये कि सभी संबंधित धार्मिक स्थलों व आयोजन स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर उन्हें चिह्नांकित करते हुए आमजन से वार्ता कर किसी भी प्रकार की पूर्व में हुई घटनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिससे घटना की पुर्नावृत्ति न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्र के जुलूस मार्गों को चिह्नित करने के साथ-साथ होलिका दहन स्थल की सूची बनाकर उसके फोटोग्राफ भी साक्ष्य के रूप में संरक्षित कर लें, जिससे नए स्थल पर होलिका दहन न किया जाए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर मंदिरों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**मानक अनुसार बजाएं ध्वनि विस्तारक यंत्र:** डीएम ने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज को मानक के अनुरूप निर्धारित कराया जाए जिससे किसी प्रकार की परीक्षार्थियों को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि त्योहारों को सभी लोग अच्छे खुशनुमा माहौल में मनाये इसके लिए पुलिस प्रशासन की भूमिका रहती है। बैठक में अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी अजीतमल निखिल राजपूत, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक कमल कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कैद गोवंशों को गौशालाओं में स्थानांतरित करें

**औरैया।** डीएम ने जूम मीटिंग के दौरान सीएम हेल्पलाइन तथा आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा की। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य पशु चिकित्सधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी औरैया को समाचार पत्र में प्रकाशित गोवंश से संबंधित खबर पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों द्वारा कैद किए गए गोवंशों को निकटवर्ती गौशाला में सायं तक स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि उनके अधीन कार्यरत आशाओं एवं संगिनियों की आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आईडी क्रियान्वित कराई जा चुकी है और आशाओं तथा संगिनियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में रुचि नहीं ली जा रही है जो अत्यंत खेद का विषय है। अतः स्वयं आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। यदि आयुष्मान कार्ड बनाने में कोई समस्या आती है तो तत्काल नोडल अधिकारी से संपर्क कर समस्या का निराकरण भी करायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देश दिए।

# प्रदर्शन से पहले कांग्रेसी नेता हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान के मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित बड़े प्रदर्शन से पहले ही पुलिस प्रशासन ने पूर्व कार्रवाई करते हुए कई प्रमुख नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव से ठीक पहले की गई, जिससे जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई।

पुलिस ने औरैया में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अंशू तिवारी को उनके आवास पर ही रोक लिया। उनके साथ जिला अध्यक्ष सरिता दोहरे, मखलू पांडेय, प्रवीण गुप्ता, ब्रदर पांडेय सहित कई अन्य कांग्रेसी नेताओं को भी घरों में नजरबंद किया गया। प्रशासन का कहना है कि यह कदम लखनऊ में होने वाले बड़े प्रदर्शन को रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने मनरेगा योजना के मूल उद्देश्य को कमजोर कर दिया है। प्रदेश महासचिव अंशू तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) गरीबों को 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान में मजदूरों की मजदूरी 11-12 महीनों से बकाया है। इससे हजारों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।



कांग्रेसी नेता के घर बातचीत करती पुलिस। अमृत विचार

- कांग्रेस के प्रस्तावित बड़े प्रदर्शन से पहले ही पुलिस प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई
- मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर लखनऊ में होना है प्रदर्शन

कांग्रेस का यह प्रदर्शन मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। पार्टी का दावा है कि प्रदेशभर में मजदूरों को भुगतान न मिलने से व्यापक असंतोष है। स्थानीय नेताओं ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए कहा कि सरकार विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल हाउस अरेस्ट के कारण लखनऊ में प्रस्तावित बड़ा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है, हालांकि कांग्रेस ने आंदोलन जारी रखने की घोषणा की है। प्रशासन की सतर्कता के चलते जिले में पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही।

# हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार, ईंट-डंडा बरामद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** थाना अजीतमल क्षेत्र के ग्राम अमावता में हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त ईंट-डंडा तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2026 को डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम अमावता में 35 वर्षीय अर्जुन सिंह का शव गेहूं के खेत में पड़ा मिला है। सूचना पर थाना अजीतमल/रायबरेली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों के निर्देशन में जांच शुरू की गई। मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों व मुखबिर की सूचना के आधार पर 17 फरवरी को आरोपी भानु उर्फ दुष्यंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक की बहन से उसकी मित्रता थी, जिसका मृतक विरोध करता था। इसी रंजिश में आरोपी ने योजना बनाकर अर्जुन को खेत में बुलाया, पहले उसकी आंखों में मिट्टी डाली और फिर ईंट-डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी ने मृतक के फोन से उसके भाई को भ्रामक सूचना दी और मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि मामले का त्वरित खुलासा कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है।

# धूमधाम से निकाली गई 84 कोसी परिक्रमा यात्रा

**कुदरकोट (औरैया)।** कस्बा में श्रीरुक्मिणी धाम से चौरासी कोसी परिक्रमा यात्रा निकाली गई। चौरासी कोसी परिक्रमा के अंतर्गत रुक्मिणी धाम से फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा बुधवार के शुभ अवसर पर चौरासी कोसी परिक्रमा यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद संत-महात्माओं ने यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भगवान के भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। परिक्रमा कुदरकोट में स्थित रुक्मिणी धाम से शुरू हुई जो भयानकनाथ मंदिर, मां अलोपा देवी मंदिर से होते वापस रुक्मिणी धाम पंडाल में पहुंचीं।

# हिन्दू युवा मोर्चा संघ ने कराया सुंदरकांड

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में शुक्रवार को 15वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन कलकतिया चक्की मंदिर मोहल्ला गोविंदगंज के परिसर में सम्पन्न हुआ। आयोजक रवि पोरवाल, दुर्गेश पोरवाल के यहां पर सुंदरकांड का आयोजन सम्पन्न किया गया। इसमें हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य व पूरे फफूंद नगर व समस्त क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

सुंदरकांड पाठ 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष (हिन्दू युवा मोर्चा संघ) शिव कुमार, विवेकानंद त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, चैतन्य राठौर, रामदास, निखिल शुक्ला, ह्रदेश चंद्र पांडेय, विनोद तिवारी, अरविंद राठौर, अभिषेक कुमार, ओबरन सिंह राजपूत, सीमा राठौर, दुर्गेश, कमलेश राठौर, रामसेवक कोस्ठा, गणेश सोनी, पन्ना लाल, प्रमोद पोरवाल, अनुपम गुप्ता, राजू प्रजापति, मस्ताना प्रजापति, ओम देवी गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, रवि पोरवाल, रचित पोरवाल, नयन प्रजापति, राकेश पाल, अनुरुद्ध सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।



संगठन के पदाधिकारियों की ओर से कराया जाता सुंदरकांड। अमृत विचार

# नए पुल निर्माण को लेकर साफ-सफाई कार्य शुरू

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित निचली गंग नहर पर नए पुल के निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। अंग्रेजी शासन काल में बना पुराना नहर पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद शासन ने उसके समीप ही नए पुल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की थी। इसके लिए लगभग सवा तीन करोड़ रुपये (करीब 3.15 करोड़ रुपये) की धनराशि मंजूर की जा चुकी है।

सोमवार को ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर पुराने पुल के पूर्वी हिस्से में साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। पुल के पास बने टट्टर की अस्थायी दुकान को हटाया गया तथा आसपास की मिट्टी समतल की गई। इसके साथ ही निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री रखने के लिए खाली पड़ी जमीन को भी साफ कराया गया। नहर पटरी के कच्चे रास्ते को दुरुस्त करते हुए निर्माण स्थल को व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि पुल निर्माण कार्य सुचारु रूप से शुरू हो सके। स्थानीय लोगों ने नए पुल के निर्माण कार्य शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया है, जिससे आवागमन की समस्या दूर होने की उम्मीद है।



जेसीबी से की जाती सफाई।

- जेसीबी से कराई गई साफ-सफाई

## चौपाल


### निपुण छात्रों का हुआ सम्मान, अभिभावक–शिक्षक संवाद से सजी सीख की महफिल

# बच्चों को नियमित रूप से ड्रेस पहनाकर स्कूल भेजें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लॉक के संकुल बिनपुरापुर में शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपोजिट विद्यालय बिनपुरापुर परिसर में हुआ, जिसमें संकुल के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी, एसआरजी अलका यादव एवं संकुल के नोडल शिक्षक रजत त्रिवेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर एआरपी विपिन बाजपेई, देवेंद्र राजपूत, आलोक गुप्ता एवं साकेत दुबे की भी उपस्थिति रही। इस दौरान एआरपी टीम द्वारा अभिभावकों एवं बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्राथमिकताओं तथा विद्यालयों में संचालित नवाचारों की जानकारी दी गई। शिक्षा चौपाल के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों का भरपूर मनोरंजन किया और सभी का मन जीत लिया। एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय, शिक्षक, अभिभावक और समाज के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण कर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और सामुदायिक सहभागिता को भी समान महत्व दिया जाए। वहीं एसआरजी अलका यादव ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा निर्धारित ड्रेस में स्कूल आने के लिए प्रेरित करें, जिससे अनुशासन के साथ बच्चों में विद्यालय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हो। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संवाद, सामूहिक सहभागिता एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर रजत कुमार त्रिवेदी, दीप्ती कुशवाहा, शबनम, शिवमंगल, हीरेंद्र सहित अन्य शिक्षक, बच्चे एवं अभिभावक मौजूद रहे।



बच्चे को प्रमाण पत्र देते अतिथि। अमृत विचार

### युवक ने फांसी लगा किया आत्महत्या का प्रयास

**अछल्दा (औरैया)।** एक युवक ने फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। सुभानपुर निवासी गिरजेश सविता (30) पुत्र रामदत्त ने दोपहर करीब 1:40 बजे अपने कमरे में कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। इसी दौरान उसकी भाभी सविता पत्नी सिद्धू की नजर कमरे की ओर पड़ी। उन्होंने गिरजेश को फांसी के फंदे पर झूलते देखा। और परिजनों व ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल ले गए।

**ग्राम पंचायत कलवारा खुर्द विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत कलवारा खुर्द में मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के सात दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक : 18/2/2026 से 24/2/2026 तक**

| क्र.सं. | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेन रोड से रामखेलावन के दरवाजे तक इंटरलाकिग खरंजा निर्माण | 582000 | 11600 | 500 |
| 2 | इन्द्रजीत के दरवाजे से सादिक के दरवाजे तक इंटरलाकिग खरंजा निर्माण | 309000 | 6050 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कलवारा खुर्द विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, औरैया**

पंत्राक :–1214/स0वि0–एस0वी0एम0/न0पा0परि0औ0/2025–26 दिनांक– 17 फरवरी, 2026

**आवश्यक सूचना**

नगर पालिका परिषद औरैया द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत सिटी सॉलिड वेस्ट एक्शन प्लान (CSWAP) मे लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु डी0पी0आर0 बनाया जाना है। जिसके कार्यदायी सस्था से सम्बद्ध अधिकृत फर्म/व्यक्तियो, समूहो को सूचित किया जाता है। कि सम्बन्धित डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु दिनांक 25.02.2026 को सांय 03:00 बजे तक अपनी–अपनी दरे नगर पालिका परिषद स्वयं नगर पालिका परिषद मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मो मे से चयन किया जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात स्वीकार नही किया जायेगा। प्राप्त दरे उसी दिन या बाद मे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी प्रतिबन्धित दर स्वीकार नही की जायेगी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, औरैया
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, औरैया

## न्यूज ब्रीफ

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा।** क्षेत्र के भौली गांव निवासी भोला सिंह (62) ने अपने कमरे में मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने झांककर देखा तो फंदे पर शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ऊंचाई वाले इलाके में नहीं हो रही जलापूर्ति

**सुमेरपुर।** नमामि गंगे योजना से बनाए गए ओवरहेड टैंक से सप्लाई नहीं होने से किसी भी पंचायत में ऊंचाई वाले इलाके में जलापूर्ति नहीं हो पा रही हैं। इससे ग्रामीण परेशान है। मुंडेरा के प्रधान अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि जलापूर्ति टंकी के बजाय नलकूप से की जा रही है। किसी भी कनेक्शन में टोंटी नहीं लगाई गई है। इससे पानी नालियों में बह रहा है।

### मां ने डांटा तो छात्रा ने खाया जहर, भर्ती

**सुमेरपुर।** कस्बे के इमिलिया थोक निवासी अवधेश लाल की पत्नी शिवकांती ने बताया कि उसकी पुत्री प्रांशी (15) अपनी छोटी बहन मानसी एवं भाई कमल से झगड़ रही थी। उन्होंने प्रांशी को डांट दिया तो उसने रात करीब 10 बजे जहरीला पदार्थ गटक लिया। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बुधवार को वह पेपर देने भी जाएगी।

### छात्र-छात्राओं ने की मंदिर की सफाई

**हमीरपुर।** ॐ हरिहर महाविद्यालय कुंडौरा के एनएसएस छात्र-छात्राएं शिव मंदिर दरियापुर पहुंचे। शिव मंदिर प्रांगण की सफाई कर शिविर लगाया। दोनों इकाइयों के छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्य डा. स्वामी प्रसाद ने सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारम्भ कराया। उद्घाटन ग्राम प्रधान आसाराम प्रजापति ने किया। छात्र-छात्राओं ने एनएसएस गीत गाया और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की सौगंध ली। कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन, रफीक मोहम्मद, अजीत सिंह, सीमा गुप्ता, मैडम सरिता दुबे, संदीप, मनोज कुमार, अजय कुमार, त्रिभुवन देव आदि उपस्थित रहे।

### युवाओं को राष्ट्रीयता भावना का संदेश

**कुरारा।** कस्बे के स्थानीय श्रीराम कृष्ण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव द्वारा उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव ने शिविरार्थियों से कहा कि देश में राष्ट्र के प्रति सेवा भाव आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव ने बच्चों से कहा कि आज देश में राष्ट्रीयता की भावना देश के लिए आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना हमारे युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर एनएसएस के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### परीक्षा केंद्र दूर होने से परीक्षार्थी परेशान

**मौदहा।** इस बार परीक्षा केंद्रों के निर्धारण ने कई छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ा दी है। इचौली के चौधरी पहलवान सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों का केंद्र मौदहा नगर में बनाया गया है, जबकि खंडेह इंटर कॉलेज के छात्रों को परीक्षा देने के लिए इचौली जाना होगा। इसी प्रकार, भमई स्थित ज्वाला देवी कॉलेज का सेंटर सिसोलर भेजा गया है। केंद्रों की दूरी अधिक होने के कारण छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अपनी परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न करने के लिए कई परीक्षार्थियों ने अपने रिश्तेदारों के यहा शरण ली है, तो कई ने केंद्रों के आसपास किराए पर कमरे लिए हैं। छात्राओं ने परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों का प्रबंध किया है।

### वैवाहिक वर्षगांठ पर मनाया सेवा दिवस

**राठ।** दूढ़ोमर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रशांत गुप्त और शिल्पी गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ पर जीव सेवा दिवस मनाया गया। समिति के सदस्यों ने जीव जंतुओं की सेवा का संकल्प लिया। सुबह चींटियों के लिए आटा बूरा, शक्कर के दाने, सागर तालाब में मछलियों को आटे के गोलियों का भोजन, पक्षियों के लिए कुसमा के मंदिर में अनाज, रिक्शा से गायों के लिए चारा, बरसीम, गौशाला में चारा की व्यवस्था की। शाम को कुत्तों के लिए दूध रोटी का जगह जगह भोज कराया गया।



हाउस अरेस्ट किए गए कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार व कांग्रेसी। अमृत विचार

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया गया हाउस अरेस्ट

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लखनऊ में विधान सभा का घेराव करने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें यूएस डील, मनरेगा, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दों को लेकर लखनऊ जाने से रोका गया।

मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने उप्र के सभी जनपदों और नगरों से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को समस्याओं के विरोध में लखनऊ स्थित विधानसभा पहुंचने का आह्वान किया था। स्थानीय पुलिस को जैसे ही इस घेराव की भनक लगी रात में कोतवाली पुलिस ने जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार के घर पहुंच उन्हें आवास के अंदर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। इस दौरान जिला महासचिव हरिशरण लोधी, डॉ.पन्नालाल अहिरवार और डॉ.योगेंद्र राजपूत आदि मौजूद थे।

## 3 घंटे 5 किलोमीटर लंबा जाम, एंबुलेंस और बसें फंसी

**हांफा हाईवे**

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मंगलवार को कस्बे के अंदर हाईवे पर खंभा लादकर जा रहा ट्रेलर अचानक खराब हो जाने से कस्बे में 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब ट्रेलर को हाईवे से हटाकर यातायात सामान्य कराया। इस दौरान हाइवे में 3 घंटा यातायात प्रभावित रहा है।

कस्बे की उद्योग नगरी से खंभा लादकर हमीरपुर की तरफ जा रहा एक ट्रेलर कस्बे के अंदर 12 बजे ग्रीन लाज के समीप हाइवे में खराब हो गया। इससे कस्बे में भीषण जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब ट्रेलर को हटाकर यातायात सामान्य कराया। जाम में परिवहन निगम की बसें, स्कूली बसें, एम्बुलेंस आदि फंसी रहीं।



हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार



स्टेट हाईवे के किनारे नाले के ऊपर खड़ी गाड़ी। अमृत विचार

- खंभा लादकर जा रहा ट्रेलर खराब होने से लगा जाम
- जाम की वजह से हाईवे पर तीन घंटे तक रेंगते रहे वाहन

जाम के चलते हाईवे में दोनों तरफ करीब 5 किलोमीटर लम्बी वाहनों की लाइन लग गई। जाम में वाहन करीब 3 घंटे तक रेंगते रहे। बसों के यात्री खासे परेशान रहे।

### स्टेट हाईवे के दोनों ओर फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा

**पौथिया।** राठ स्टेट हाईवे किनारे स्थित बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव सड़क के दोनों साइडों में बने फुटपाथ में ग्रामीणों व दुकानदारों का कब्जा जमाएं हुए हैं। जिसमें छोटे बड़े वाहन, बालू, ईंट, गोबर के उपले सहित दुकान का सामान रखे हैं। जिससे नन्हे मुन्हे स्कूली बच्चों व राहगीरों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क किनारे विद्यालय, अस्पताल, मार्केट, आटा चक्की स्थापित होने से लोगों का आना जाना बना रहता है। कई लोगों की असमय मौत भी सड़क दुघर्टना में हो चुकी हैं। छोटे बड़े भारी वाहन बड़ी तेजी से गुजरते हैं। ग्रामीण पूर्व सैनिक जगदीश सचान, आशादीन, राम खिलावन, लल्लू महाराज, सुखलाल, चिंतामणि तिवारी आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी से फुटपाथ पर किए हुए कब्जे को खाली कराने की मांग। उधर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति ने फुटपाथ का अतिक्रमण हटाने के लिए ललपुरा थाने के प्रभारी को निर्देश कर चुके हैं।

## नाले में मिला लापता किसान का शव

### मौदहा कोतवाली क्षेत्र के कम्हारिया गांव की घटना, पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कम्हारिया गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर नाले में एक अधेड़ किसान का शव पड़ा मिला। किसान दो दिन से लापता था और परिवार वाले तलाश रहे थे। प्रारंभिक छानबीन में पुलिस हादसा मानकर चल रही है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ हो सकेगी।

कम्हारिया के प्रधान प्रतिनिधि जलाल ने बताया दिलदार (50) पुत्र वली मोहम्मद उर्फ उल्ली 15 फरवरी को संदिग्ध हालात में लापता हुआ था। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा था। परिवार की ओर से पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। मंगलवार को गांव के कुछ लड़के मछली पकड़ने के लिए नाले की ओर गए, तो उन्हें पानी में एक शव दिखा। शोर मचाने पर भारी भीड़ जमा हो गई। इसके बाद परिजनों ने शव की पहचान दिलदार के रूप में की।

भाई मुबारक हुसैन ने बताया कि दिलदार खेती-किसानी करता था। वह शराब भी पीता था। वह अक्सर गांव की पुलिया पर बैठकर समय बिताया करता था। आशंका जताई जा रही है कि 15 फरवरी की रात वह शराब के नशे में पुलिया पर बैठा रहा होगा और अचानक संतुलन बिगड़ने से गहरे नाले में जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके लापता होने के बाद मोबाइल फोन भी बंद था। परिजनों ने बताया कि उन्हें लगा कि वह कहीं खेत के काम से गया होगा। नाले में शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से निकलवाकर पंचनामा भरा। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक छानबीन में प्रथमदृष्टया दुर्घटना लग रही है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।



शव मिलने के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



घटनास्थल पर लोगों से जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- 15 फरवरी से किसान की तलाश कर रहे थे परिवार वाले
- प्रारंभिक छानबीन में गिरने की आशंका जता रही पुलिस



### पत्नी और एक बेटे की हो चुकी मौत

भाई के अनुसार दिलदार की पत्नी की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। दिलदार के दो बेटे और एक बेटी थी, जिनमें से छोटे बेटे की मृत्यु करीब 10 साल पहले हो गई थी। अब परिवार में केवल एक बड़ा बेटा और एक बेटी बची है, जो शादीशुदा हैं। दिलदार की मौत के बाद परिवार में गम पसरा है।

## हत्या में पिता-पुत्र समेत 6 दोषियों को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कुरारा थाना क्षेत्र के डिमुहा गांव में 2023 में हुई थी वारदात
- जमीन की रंजिश को लेकर रास्ते में घेरकर की गई थी हत्या

**अमृत विचार।** जमीन की रंजिश के चलते करीब तीन साल पहले दिनदहाड़े रास्ते में घेरकर की गई किसान की हत्या के मामले में पिता-पुत्रों सहित छह आरोपियों को विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ल ने बताया कि कुरारा थाना क्षेत्र के डिमुहा गांव के रहने वाले रामराज पुत्र मान सिंह ने 24 अगस्त 2023 को कुरारा थाने में तहरीर देकर बताया था कि दोपहर में उसके पिता मान सिंह घर से गेहूं पिसवाने के लिए कुसमरा गांव गए थे। आटा पिसवाने के बाद वहां से दोपहर में वापस घर लौट रहे थे, तभी जमीन की रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले करिया उर्फ धनीराम उर्फ लाला यादव, उसके पुत्र कप्तान यादव और भूप सिंह यादव ने गांव के जुग्गी उर्फ कौशलेंद्र, उपदेश उर्फ बड़े और टिर्रा यादव पुत्र कुंदन यादव के साथ मिलकर रास्ते में पिता को घेर लिया और फिर हत्या कर दी। तहरीर पर थाने की पुलिस ने पिता-पुत्रों सहित आधा दर्जन हत्यारोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

जांच के बाद पुलिस ने सभी के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (डकैती कोर्ट) अनिल कुमार खरवार ने हत्यारोपी करिया उर्फ धनीराम उर्फ लाला यादव, इसके पुत्र कप्तान यादव व भूप सिंह यादव, जुग्गी उर्फ कौशलेंद्र, उपदेश उर्फ बड़े व टिराई यादव को हत्या को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही सभी पर पांच-पांच हजार जुर्माना भी लगाया है।

## बार चुनाव में शिवलाल अध्यक्ष व विवेक दीक्षित महामंत्री निर्वाचित

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर शिवलाल पाल व महामंत्री पद पर विवेक दीक्षित विजयी हुए।

तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में सुबह 9 बजे से शुरू हुए अध्यक्ष व महामंत्री पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया दिन भर चली और शाम 5 बजे मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें कुल 173 वोटों में अध्यक्ष पद पर शिवलाल पाल 105 वोटों के साथ निर्वाचित हुए। जबकि बरदानी प्रसाद 38 मतों के साथ दूसरे, जयहिंद 18 मतों के तीसरे तो महमूद रजा 12 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसी प्रकार महामंत्री पद पर विवेक दीक्षित 82 मतों के साथ निर्वाचित हुए। जबकि दूसरे स्थान पर राकेश वर्मा 70 मत व फिरोज अहमद 19 मत के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री का फूल मालाओं से लाद कर जोरदार स्वागत हुआ। उक्त चुनावी प्रक्रिया एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट हयात अहमद खान एवं सदस्य मूलचंद राजपूत, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, हरिपाल सिंह, विजय सिंह यादव सहित चुनाव प्रभारी मोहम्मद फरहान एडवोकेट की निगरानी में संपन्न हुई।



बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### एनएसएस से सेवा अनुशासन बढ़ता

**राठ।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों ने गल्हिया गांव में शिविर लगाया। उद्घाटन प्राचार्य डा. सुरेंद्र सिंह ने किया। अध्यक्षता उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उर्मिला राजपूत ने की।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जितेन्द्र सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों की बात नहीं बल्कि आत्मविश्वास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का समन्वित स्वरूप है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दुर्गेश कुमार ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं बन सकता है। अध्यापिका सुलोचना, वंदना एवं दीप्ति सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे।

## जेईई मेंस में सेठ छोटेलाल एकेडमी स्कूल के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सेठ छोटेलाल एकेडमी स्कूल के छात्रों ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मुंह मीठा कराया गया।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा घोषित परिणामों में आदर्श तिवारी ने 97.99 परसेंटाइल, कृष्णा लाक्षाकार ने 96.88 परसेंटाइल, अर्पित स्वर्णकार ने 95.81 परसेंटाइल और आरुष राजपूत ने 95.58 परसेंटाइल प्राप्त किए। विद्यालय के 12वीं कक्षा के इन छात्रों ने अपनी पढ़ाई के साथ ही जेईई मेंस में यह सफलता हासिल की है। इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अन्य छात्रों में ऐश्वर्य तिवारी ने 93.38 परसेंटाइल, प्रांजल ने 90.06 परसेंटाइल और अनुष्का वर्मा ने 77.50 परसेंटाइल प्राप्त किए। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल सभी छात्र छात्राओं को उनके शिक्षकों, प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव, प्रिंसिपल आसिया बुशरा ने बधाई दी। उन्होंने छात्रों को मिठाई खिलाकर और फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।



छात्रा को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करातीं प्रिंसिपल। अमृत विचार


**बैठक** मंडलायुक्त ने राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## यमुना-बेतवा पुल निर्माण 6 माह में पूरा करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं डीएम घनश्याम मीना की उपस्थिति में राजस्व एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने यमुना एवं बेतवा पुलों का निर्माण 6 माह में पूरा कराने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा फार्मर रजिस्ट्री एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़क निर्माण का कार्य 31 मार्च तक करा दें। राशन वितरण में घटतौली एवं मिलावट की शिकायत न मिले। एसआईआर का काम त्रुटिरहित एवं समय से पूर्ण करें। लापरवाही बरतने पर कार्यवाही होगी। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक प्रोजेक्टर व स्मार्ट बोर्ड का उपयोग शिक्षण कार्य सुगम व प्रभावी रूप से सुनिश्चित कराएं। भोजन पूरी साफ-सफाई के साथ बने और निर्धारित मीनू के अनुरूप उपलब्ध कराया जाए। विद्युत बिल उतना ही बनाया जाए जो जायज हो। कर्मचारी अनावश्यक रूप से लोगों को तंग न करें। ट्रांसफार्मर खुले में न रहें यह सुरक्षित किए जाएं। पुरानी विद्युत लाइनों को दुरूस्त कराया जाए। बोर्ड परीक्षाओं के केंद्रों के कमरों में प्रकाश की प्रॉपर व्यवस्था होनी चाहिए। जल जीवन मिशन में प्रत्येक गांव में पेयजल की कोई समस्या न रहे। सभी गौशालाएं क्रियाशील रहें। छोटे गौवंशों का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रत्येक गौशाला की विकास भवन स्थित कंट्रोल रूम से प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। जन आरोग्य में प्रत्येक पात्र को आयुष्मान गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराया जाए। आयुक्त ने जनपद में मिशन जलोदय के अन्तर्गत किए गए चंद्रावल नदी के पुनरोद्धार कार्य की सराहना व्यक्त की। समीक्षा में सहायक विकास आयुक्त बांदा, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीएमओ डा गीतम सिंह, डीएफओ अनिल श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त अजीत कुमार। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का वर्णन

**मौदहा।** सिसोलर क्षेत्र के मजरा खदरा डेरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचिका नीतम ज्योति शास्त्री ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने अन्तिम दिन श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का वर्णन किया गया।

कथा व्यास ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण सुदामा से समझा जा सकता हैं। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचा। द्वारकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। उन्होंने झांकी पर फूलों की वर्षा की।

## ढाई साल में तैयार होगा कबरई-कानपुर हाईवे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोनिवि के निरीक्षण भवन में राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि कबरई से नौबस्ता कानपुर फोरलेन ग्रीन फील्ड निर्माण के लिए उन्होंने परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व एनएचआई के अधिकारियों के साथ कई बार बैठकें की। राज्यसभा में कई बार इस विषय को उठाने का परिणाम है कि उपरोक्त मार्ग की स्वीकृति मिली अपितु इतना ही नहीं पिछले बजट संबंधी बैठक में भी शामिल होकर बजट को मंजूरी दिलाई तथा अब यह टेंडर निर्गत हो गया है। इसका प्राइवेट फर्म द्वारा निर्माण कराया जाएगा तथा इसका 20 साल तक का रख-रखाव भी प्राइवेट कंपनी ही करेगी जो इसका निर्माण करेगी तथा इसके साथ समानांतर चलने वाले नौबस्ता कबरई मार्ग का रख-रखाव भी वही फर्म 20 साल तक करेगी। जिसकी निर्माण अवधि ढाई वर्ष होगी इसको फर्म द्वारा समय से पूरा करना होगा। इस बजट सत्र के प्रथम सत्र में बुंदेलखंड के विकास तथा आमजन की सुविधा के लिए सदन में एम्स की स्थापना महोबा जनपद में कराने की मांग रखी है। अब वो दिन दूर नहीं कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र देश व प्रदेश में अग्रणीय क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा।



बाबूराम निषाद।

## न्यूज ब्रीफ

### भूमि संरक्षण का किया स्थलीय निरीक्षण

**बेलाताल।** जोनल चीफ झांसी डॉ. एचबी गिरीश एवं कंजर्वेटर बांदा मनोज कुमार ने मंगलवार को भूमि, मृदा एवं जल संरक्षण से संबंधित चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। खोई पसानाबाद क्षेत्र तथा अजनर स्थित नर्सरी में पौध उत्पादन एवं रोपण की तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने कर्मचारियों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, वन क्षेत्राधिकारी अजनर जितेंद्र कुमार के अलावा वन विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** मंगलवार को पनवाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसआई हार्दिक सिंह व कांस्टेबल रामकुमार तिवारी ने उदयभान (37) पुत्र भज्जू निवासी गुगौरा को एकता ढाबा के पास से एक नीले रंग की बोरी में 20 पाउच अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की गई।

### अमावस्या पर लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

**महोबा।** फाल्गुन अमावस्या पर ब्रह्म मुहूर्त में मंगलवार को बुंदेलों ने गोरखगिरि की पांच किलोमीटर लंबी परिक्रमा लगाई। परिक्रमा के दौरान मंदिरों में मत्था टेका और बुंदेलखंड की खुशहाली, तरक्की के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा ऐतिहासिक शिवतांडव मंदिर से शुरू हुई। ओम नमः शिवाय के जयकारे के साथ शिव तांडव मंदिर से पठवा के हनुमान जी, महावीरन, कबीर आश्रम, सकरे सन्या, भूतनाथ आश्रम, काली माता, खो खो माता, शनिदेव राम कृष्ण, छोटी चंडिका, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव में संपन्न हुई। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने कहा कि प्रभु श्रीराम व गुरु गोरखनाथ से गहरा संबन्ध होने की वजह से गोरखगिरि पर्वत पर लोगों की श्रद्धा चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की तरह है।

# पुलिस ने कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

- विधानसभा के घेराव में लखनऊ जाने की तैयारी में थे कांग्रेसी
- लोकतंत्र और मनरेगा के मुद्दे पर मंगलवार को प्रस्तावित था घेराव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश में संविधान बचाने और मनरेगा के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ विधानसभा के घेराव के लिए कांग्रेसियों ने लखनऊ कूच करने की तैयारी की थी। कई दिनों से कांग्रेस पदाधिकारी जिले में कार्यक्रम कर भीड़ ले जाने की तैयारी में जुटे थे, लेकिन लखनऊ रवाना होने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर लिया, जिससे जिले के कांग्रेसी मंगलवार को विधानसभा के घेराव कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। सरकार और पुलिस की इस नीति के खिलाफ कांग्रेसियों में खासा आक्रोश दिखा।



हाउस अरेस्ट के बाद बैठे कांग्रेसी पदाधिकारी। अमृत विचार

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को गांधीवादी और लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेसियों और मनरेगा मजदूरों के साथ विरोध दर्ज कराने के लिए मंगलवार को लखनऊ पहुंचना था। यह विरोध प्रदर्शन विधानसभा लखनऊ के बाहर मनरेगा कानून की पुनः बहाली की मांग को लेकर व संविधान को बचाने के लिए किया जाना था। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में जाने की सारी तैयारी कर ली थी, जिससे प्रदेश की भाजपा सरकार घबरा गई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के इशारे पर सदर कोतवाली पुलिस ने विधानसभा के घेराव के लिए लखनऊ जाने से रोकने का हर हथकंडा अपनाया। पुलिस ने जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया के अलावा जिला उपाध्यक्ष कुंवर राकेश सिंह, जिला महासचिव अरविंद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, जिला सचिव मुकेश सक्सेना, जिला महासचिव अरविंद चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों को सोमवार की रात 8 बजे से मंगलवार की सुबह 10 बजे तक उनके घर में ही हाउस अरेस्ट रखा और कार्यक्रम में किसी भी कार्यकर्ता को लखनऊ विधानसभा नहीं जाने दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकारें दमनकारी नीति अपनाकर आम जनता की आवाज को दबाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं देती और दूसरी ओर राज्य सरकार गलत नीतियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध भी नहीं करने दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की करतूतों को अच्छी तरह समझ चुकी है। 2027 के चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा।

# बेटियों के साथ ज्यादती पर मां ने एसपी से लगाई गुहार

- किशोरियों के बुजुर्ग दादा के साथ दबंग युवक ने की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी क्षेत्र के एक गांव में दबंग से परेशान दो किशोरियों की मां ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने बताया कि युवक उसकी पुत्रियों के साथ अभद्रता करता है। विरोध पर बुजुर्ग दादा के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी बेटियां डरी सहमी हैं। पीड़िता ने बताया कि इससे पूर्व पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दबंग युवक के हौसले बुलंद हैं।

एसपी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित परिवार ने बताया कि गांव का एक युवक उनकी बेटियों को देखते ही अशोभनीय टिप्पणियां करता है और भद्दी गालियां देता है। जब माता-पिता मजदूरी के लिए चले जाते हैं, तो आरोपी घर में बच्चियों को परेशान करता है। युवक अपनी छत पर खड़े होकर छीटाकसी करता है, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बुजुर्ग दादा आरोपी को समझाने के गए तो उसने गाली गलौज कर मारपीट की। उन्होंने पहले चरखारी कोतवाली में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिवार ने आरोपी के वीडियो साक्ष्य के साथ एसपी से शिकायत की है। वीडियो में युवक गाली-गलौज करते हुए दिख रहा है। कोतवाली प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। हालांकि, पुलिस इसे आपसी विवाद बता रही है।

# जिले के 29 केंद्रों में आज से होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

## परीक्षा केंद्रों में रोल नंबर के आधार पर सीटिंग प्लान तैयार, 1005 कक्ष निरीक्षक करेंगे ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी, जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार बोर्ड की परीक्षा में कुल 21938 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें हाईस्कूल में 6183 बालक और 5835 बालिका कुल 12018 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 4938 बालक और 4982 बालिकाएं कुल 9920 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लायन तैयार कर टेबलों पर रोल नम्बर की पर्ची चस्पा कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा संपन्न कराने के लिए कुल 1005 कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं।



कक्ष में अपना रोल नंबर देखता परीक्षार्थी। अमृत विचार

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिले में कुल 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 299 माध्यमिक विद्यालयों और 706 बेसिक विद्यालयों के कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं। जिन कक्षों में 40 से अधिक परीक्षार्थी होंगे, वहां पर तीन कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करेंगे। परीक्षा केंद्रों में फर्नीचर के अलावा रैंप, सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, पेयजल और बिजली की समुचित व्यवस्था करा दी गई है। मंगलवार को सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया, जहां सारी तैयारियां चकाचक पाई गईं।

परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को छात्र-छात्राएं सीटिंग प्लान में अपना कक्ष और रोल नम्बर देखने के लिए पहुंचे, जिससे परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं की खासी भीड़ देखने को मिली। नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने मंगलवार को केंद्र व्यवस्थापकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली में 2 बजे से 5:15 बजे तक परीक्षाएं सम्पन्न कराई जाएंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**12018** परीक्षार्थी हाईस्कूल में पंजीकृत

**9920** परीक्षार्थी इंटर की देंगे परीक्षा

- केंद्रों में सीटिंग प्लान देखने के लिए परीक्षार्थियों की लगी भीड़
- औसतन प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी

### एडीएम ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

- परीक्षा केंद्रों का मंगलवार को अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज ने निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी। परीक्षा केंद्रों में फर्नीचर, पंखे, लाइट, पेयजल व्यवस्था को भी देखा और केंद्र व्यवस्थापकों से जरूरी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद्र यादव, सीओ सदर अरुण सिंह भी मौजूद रहे।

### मोबाइल और कैलकुलेटर नहीं ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

- बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी पेन, प्रवेशपत्र के अलावा कुछ भी अंदर नहीं ले जा सकेंगे। मोबाइल, कैल्कुलेटर पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। परीक्षार्थियों को विद्यालय गेट और कक्षों के दरवाजे पर चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति मिलेगी। इतना ही नहीं, कक्ष निरीक्षकों को भी परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोक लगा दी गई है, जिससे निष्पक्ष और नकलविहीन तरीके परीक्षा सम्पन्न कराई जा सके।

## ऑनलाइन निस्तारण मगर समस्या दूर नहीं

**महोबा।** शहर के भटीपुरा के बाशिंदे एक माह से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका ने शिकायत का आनलाइन निस्तारण कर दिया है, लेकिन हालात जस के तस हैं।

भटीपुरा में पठा तिराहे के पास एक महीने से जलभराव की समस्या है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मुख्य रास्ते पर नालियों और सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर बदबू मार रहा है। रास्ता कीचड़युक्त है, जिससे आवाजाही में परेशानी है। जलभराव से मच्छरों उत्पन्न हो रहे और गंभीर बीमारियों का डर भी सताने लगा है। स्थानीय निवासी मुबीन और तनिष्क ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका के चक्कर लगा चुके हैं। बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी आते हैं, मुआयना करते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# कलश यात्रा के बाद कराया भंडारा

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** नगर के सोनी गंज मुहाल स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की ओर आयोजित शिव महोत्सव पर मंगलवार को शिव बारात एवं कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा के बाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की आयोजक बीके रागिनी बहिन के नेतृत्व में महाशिव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर में शिव बारात एवं कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें घोड़े बैंडबाजे के साथ हंस कार आदि वाहनों में शिव भगवान, शंकर पार्वती, राधे कृष्ण, लक्ष्मीनारायण, राम सीता आदि की दिव्य आकर्षक झांकियां सजाकर निकाली गई।



ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

कलश यात्रा नगर के राजा वार्ड, बाजार वार्ड, बस स्टैंड, सतियनपुरा आदि विभिन्न मुहल्लों से होते हुई यथा स्थान पर पहुंची। कलश यात्रा में भगवान शिवजी की जगह जगह भक्तों ने तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा समाप्ति होने के बाद आयाजित भंडार में प्रसाद वितरण किया गया साथ ही ब्रह्मकुमारीज सेवा केन्द्र एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल इंजीनियर करन सिंह राजपूत मुढ़ारी का आयोजकों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर वीके रागिनी बहन ने बताया कि जीवन में कोई बुराई है, जो हमें सफल होने से रोकती है। उस बुराई को त्याग कर शिव को सौंपकर मुक्त हो जाना चाहिए। गलत आदतें शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

## राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना अहम

**महोबा।** साईं कालेज आफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का सात दिवसीय शिविर मंगलवार से शुरू हो गया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी, प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू व कार्यक्रम अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रथम दिन शिविर की कार्यक्रम अधिकारियों ने रूपरेखा से सभी को रूबरू कराया गया।

शिविर में छात्रा राधा और रचना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्रा ममता और नैंसी ने स्वागत गीत गाया। प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दूसरे व्यक्तियों, समुदाय की सेवा निःस्वार्थ रूप से करते हुए स्वयं के व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

# अनुपस्थित अध्यापकों का वेतन रोकने के निर्देश

- आयुक्त ने न्यूरिया व रिवई सुनैचा के विद्यालय व उचित दर की दुकान का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा के आयुक्त अजीत कुमार ने जिले के प्राथमिक विद्यालय न्यूरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवई सुनैचा और उचित दर की दुकान रिवई सुनैचा का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालयों में तीन अध्यापक अनुपस्थित मिले। कई विद्यार्थी बिना ड्रेस और बिना स्कूल बैग के पाए गए। आयुक्त ने बीएसए को व्यवस्थाओं पर सुधार करने और अनुपस्थित अध्यापकों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

राशन की दुकान पर संचालक की जगह उसका साला मिला। उपभोक्ताओं ने जबरन चाय पत्ती, निरमा खरीदने का दबाव बनाने की बात कही, जिस पर आयुक्त ने पूर्ति अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए जांच कर दोषी पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



रिवई सुनैचा की सरकारी राशन दुकान का निरीक्षण करते आयुक्त। अमृत विचार

प्राथमिक विद्यालय न्यूरिया के कक्षा चार में कोई अध्यापक नहीं मिला। ब्लैक बोर्ड पर दिनांक 09 फरवरी, 2026 अंकित पाई गई, जिससे यह प्रतीत हुआ कि कक्षा में नियमित शिक्षण नहीं किया जा रहा था। प्रधानाध्यापिका से टीचिंग मेथड संबन्धी जानकारी ली, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। कक्षा-1 में सहायक अध्यापिका रजनी सिंह अपने बच्चे के साथ मिली, लेकिन कक्षा में छात्र अव्यवस्थित पाए गए। आयुक्त ने बीएसए को संबंधित अध्यापिकाओं से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद आयुक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवई सुनैचा पहुंचे, जहां कक्षा 4 में हिन्दी अध्यापक सिद्धार्थशंकर पढ़ाते मिले, लेकिन डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टर प्लास्टिक कवर से ढका मिला। कक्षा एक में विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित होने के अलावा पंखे एवं बल्ब निष्क्रिय अवस्था में पाए गए।

विद्यालय भवन की दीवारों में दरारें मिलीं। अध्यापक अनिल कुमार और अनुज प्रताप सिंह बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जिस पर आयुक्त ने अध्यापकों का वेतन अवरुद्ध करते हुए अपना स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। आयुक्त रिवई सुनैचा की राशन दुकान पहुंचे, जहां कोटेदार की जगह साला शानू सिंह मिला। ग्रामीणों ने शिकायत की कि राशन वितरण के साथ उपभोक्ताओं को चाय की पत्ती, निरमा, साबुन खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। आयुक्त ने डीएसओ को निर्देश दिए कि जांच कर अपना स्पष्टीकरण आयुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

सूर्य महोत्सव

हर्षित सक्सेना और माधुरी डे के सुरीले गीतों पर झूम उठे युवा, मस्ती के साथ थिरकते रहे पांव

# बॉलीवुड नाइट में गीतों संग डांस का जलवा बिखेरा





सूर्य महोत्सव में अपनी आवाज का जादू बिखेरते हर्षित सक्सेना और माधुरी डे।



सूर्य मंदिर के भ्रमण के दौरान जेट विमान की जानकारी लेते बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सूर्य महोत्सव के छठवें दिन बालीवुड नाइट एवं क्रेजी होपर्स इंडिया गाट टैलेंट डांस ग्रुप ने धमाल मचाया। गायक हर्षित सक्सेना और माधुरी डे ने बॉलीवुड गीतों से युवाओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। क्रेजी होपर्स ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झुमाया। देर रात तक चले गीत-संगीत के कार्यक्रम देखने के लिए लोग डटे रहे, जिससे पंडाल खचाखच दर्शकों से भरा रहा।

सोमवार रात बॉलीवुड कलाकारों के कार्यक्रम की जानकारी होने के कारण शाम से ही लोगों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। भीड़ को बढ़ता देख पुलिस ने चौकस व्यवस्थाएं की। इसके बाद शुरू हुए गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने समा बांध दी। दूर दराज से आए कलाकारो ने गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ युवाओं की फरमाईश पर भी गायकों ने गाने सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में क्रशर कारोबारी सुलभ सक्सेना ने भी विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व भजन गायक आनंद कुमार ने भजन की बेहतरीन प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन सुनने के लिए लोग शांतिपूर्ण तरीके से बैठे रहे। इससे बाद आल्हा गायक अमर सिंह ने आल्हा सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। बीच बीच में आल्हा की चौपाईयां सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। झांसी से आए रवींद्र कुशवाहा ने बुंदेली बधाई नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें संगीता तिवारी ने अपनी गीतों के जरिए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को सूर्य मंदिर का भ्रमण कराया गया

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिजहरी के बच्चों को बस से ले जाकर सूर्य मंदिर का भ्रमण कराया गया। इसके बाद सौर्य मंडल प्रदर्शनी भी दिखाई गई। बच्चों को सूर्य मंदिर के इतिहास के बावत भी जानकारी दी गई। बच्चों को जेट विमान कैसे उड़ते है इसके बारे में मौजूद गाइड ने जानकारी दी साथ ही जेट विमान को उड़ाकर भी दिखाया गया। जेट विमान उड़ता देख बच्चे खासा खुश दिखाई दिए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाराम वर्मा ने बच्चों को मेला ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी और कम्पीटिशन की किताबे और कृषि संबन्धी जानकारी मुहैया कराई। बाद में सभी बच्चों को बस में बैठाकर विद्यालय पहुंचाया गया। इस मौके पर राणा दुबे, सत्येंद्र सिंह सहित कई अध्यापक भी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/मनरेगा/रा0वि0–चौ0वि0/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 18/02/2026

**अति अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा/केन्द्रीय वित्त आयोग/पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 23/02/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 18/02/2026 से दिनांक 23/02/2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 23/02/2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 23/02/2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 5th/15th | गुरू शरण के मकान से अर्जुन सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 2,76,939.00 | 3 माह | खण्डौत |
| 2 | 5th/15th | राजेन्द्र के मकान से सीताराम यादव के मकान तक सी0सी0 निर्माण। | 1,97,590.00 | 3 माह | खण्डौत |

अन्य शर्ते: 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम पं0 अधिकारी
ग्राम पंचायत खण्डौत
विकासखण्ड– सरीला (हमीरपुर)

## न्यूज ब्रीफ

### बंदी की मौत की होगी मजिस्ट्रीरियल जांच

**चित्रकूट।** विचाराधीन बंदी कल्लू (57) पुत्र नोहर निवासी करछना (प्रयागराज) की स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में उपचार के दौरान 12 अक्टूबर 25 को हुई मौत के प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच की जाएगी। इसकी जांच उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को दी गई है। उन्होंने सभी से कहा कि जिस किसी भी व्यक्ति को साक्ष्य देना हो या बयान अंकित कराना हो, तो 25 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर बयान दे सकता है।

### कार्यशाला में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा

**रामनगर (चित्रकूट)।** पीपुल्स एक्शन फॉर नेशनल इंटीग्रेशन (पानी संस्थान) एवं ओरेकल के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य परियोजना के पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों का आकलन करना तथा भविष्य में इन सुधारों को स्थायी रूप से जारी रखने के उपायों पर विचार विमर्श करना रहा। कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के साथ एडीओ, सेक्टर सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### महिला को ले जाने का आरोप

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत मऊ में एक महिला को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता पति के अनुसार, 18 जनवरी 2026 की रात पत्नी को एक व्यक्ति अपने साथ ले गया। बताया कि महिला अपने साथ गहने और करीब 1,50,000 रुपये भी ले गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई सूची

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत दावे और आपत्तियों की साप्ताहिक सूची प्रत्येक सोमवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के बैठक कर उपलब्ध कराने और उनका सहयोग प्राप्त करने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। बताया कि इसके तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 16 फरवरी को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर साप्ताहिक सूची उपलब्ध कराई गई और सहयोग के लिए अनुरोध किया गया।

# 40 केंद्रों में बोर्ड परीक्षाएं आज से

## 1250 सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी लाइव मॉनीटरिंग, जिले में कुल 24,775 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू होंगी। नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक और हाईटेक व्यवस्थाएं की हैं। पूरे जिले में कंट्रोल सिस्टम के जरिए 1250 सीसीटीवी कैमरों से हर परीक्षा कक्ष पर नजर रखी जाएगी।

जिले में कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 503 कमरों में परीक्षा होगी। इन सभी कमरों में करीब साढ़े 12 सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो परीक्षार्थियों के साथ-साथ केंद्र व्यवस्थापकों और कक्ष निरीक्षकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। हर कमरे में आगे और पीछे दो कैमरे लगाए गए हैं कि किसी भी कोण से गतिविधि छिप न सके। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां बड़ी स्क्रीन पर सभी केंद्रों की लाइव फुटेज दिखाई दे रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि सुबह और शाम की दोनों पालियों में पांच-पांच राजकीय शिक्षक लगातार मॉनीटरिंग करेंगे। ये शिक्षक हर संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत संबंधित केंद्र को सूचित करेंगे और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी कराई जाएगी। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों कक्षाओं की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा में जिले भर से कुल 24,775 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा, प्रश्नपत्र वितरण और समयबद्ध संचालन के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।



डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम में इस तरह होगी परीक्षा की निगरानी।

### चित्रकूट इंटर कालेज में तैयारियां पूरी

- चित्रकूट इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक डा. रणवीर सिंह चौहान ने सभी कक्ष निरीक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न कराने के संबंध में बोर्ड के निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए सचल दलों का गठन भी किया गया है, जो विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

### नोट या सामग्री मिलने पर जानकारी देनी होगी

- गौरतलब है कि प्रशासन ने परीक्षा में नकल को लेकर सख्त रुख अपनाया है। स्पष्ट निर्देश हैं कि बोर्ड की कॉपियों में किसी भी प्रकार के नोट या आपत्तिजनक सामग्री पाई जाती है तो छात्र के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ इसकी जानकारी न देने पर संबंधित कक्ष निरीक्षक पर भी विभागीय नियमों के तहत कठोर कार्रवाई होगी। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा सभी जनपदों को निर्देशात्मक पत्र भी भेजा गया है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग का कहना है कि इस बार परीक्षा को पूरी तरह नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी और सख्त निर्देशों के चलते किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने पाए, इसके लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को दी हिदायत

- जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त हिदायत दी है कि शासन की मंशानुरूप परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिसे जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गांववालों को बंदर पकड़ने का प्रशिक्षण देगा वन विभाग

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- डीएफओ ने खंड विकास अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कुमार कटिहार ने बताया कि गांवों में लोगों को बंदरों से बचने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस संबंध में ग्राम प्रधानों से संपर्क कर दो लोगों को नामित करें, जो इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर बंदरों से लोगों को बचाएं। उन्होंने कहा कि बंदर पकड़ने पर ग्रामीणों को कुछ राशि भी दी जाएगी।

उपनिदेशक ने बताया कि जिले में बंदरों का बहुत प्रकोप है। इसकी शिकायतें भी आती रहती हैं। बताया कि इस वजह से प्रत्येक गांव के दो व्यक्तियों को बंदरों से बचाव का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में 18 फरवरी मध्याह्न 12 बजे से पहाड़ी विकास खंड के गांव प्रसिद्धपुर में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी खंड विकास अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे समस्याग्रसित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों से इस प्रशिक्षण में शामिल होने को कहें और साथ ही स्टाफ के दो लोगों को नामित कर दें, जो इस ट्रेनिंग को कर लें। बताया कि बीडीओ नामित कर्मचारियों एवं इच्छुक व्यक्तियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। जिस ग्राम पंचायत में ज्यादा समस्या है, उस गांव के दो इच्छुक लोगों को भी इसमें नामित करें। उन्होंने कहा कि बंदर पकड़ने के लिए जब अभियान चलाया जाएगा तो ग्रामीण लोग रहेंगे। उनके लिए रोजगार सृजन होगा। प्रत्येक बंदर पकड़ने के लिए उन्हें कुछ न कुछ धनराशि दी जाएगी। जिन ग्राम पंचायतों में समस्या नहीं है वहां से ग्रामीणों को नामित करने की आवश्यकता नहीं है। उन लोगों के साथ सभी पांचों ब्लाक के एडीओ, पंचायत ग्राम पंचायत में मौजूद रहेंगे, बीडीओ यह भी सुनिश्चित कराएं।


मुआयना करते उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव। अमृत विचार

# शिकायतें मिलीं तो नपेंगे कर्मचारी

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त बांदा के प्रस्तावित निरीक्षण के मद्देनजर उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने मंगलवार को पटलों का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अभिलेखों एवं रजिस्टरों को दुरुस्त और अपटूडेट रखें। बताया कि कर्मचारियों को हिदायत दी है कि किसी ने परेशान करने की शिकायत की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि 19 फरवरी को अपर आयुक्त का तहसील व नगर पंचायत का निरीक्षण प्रस्तावित है। इसको देखते हुए फौजदारी पटल, खतौनी पटल, रिकॉर्ड रूम तथा तीनों न्यायालयों का सघन निरीक्षण किया गया। न्यायालय में रखी फाइलों के रखरखाव का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गए। रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज को निर्देशित किया गया है की फाइलों के रखरखाव में कोई हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फौजदारी पटल के इंचार्ज को निर्देशित किया गया है कि थानों से आने वाली चालान की रिपोर्ट लंबित नहीं रहनी चाहिए। तहसील में आने वाले लोगों को किसी भी पटल में परेशान करने की शिकायतें मिली तो संबंधित कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेक लैब में ओ-लेवल प्रैक्टिकल परीक्षाएं संपन्न

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन शंकर बाजार में ओ-लेवल कंप्यूटर कोर्स की ऑनलाइन प्रैक्टिकल परीक्षाएं संपन्न हो गईं। ये परीक्षाएं नौ फरवरी से सात दिन तक हुईं। संस्था के प्रबंध निदेशक सुभाष चंद्र साहू ने बताया कि परीक्षा के लिए लगभग 100 कम्प्यूटरों से सुसज्जित हाईटेक ऑनलाइन लैब तैयार की गई थी। परीक्षा का संचालन नीलिट (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) से अधिकृत परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार पाठक की देखरेख में किया गया। बताया कि परीक्षा में कुल 1758 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1610 उपस्थित रहे। बताया कि ओ-लेवल कंप्यूटर कोर्स आज अधिकांश सरकारी नौकरियों में अनिवार्य योग्यता बन चुका है। ऐसे में जिले में ही परीक्षा केंद्र उपलब्ध होने से युवाओं को फायदा हुआ है। बताया कि संस्थान से अब तक हजारों छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

# प्रदर्शनी में लगी आग से दो दुकानें राख, दुकानदार झुलसा

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** रामायण मेला परिसर में लगी प्रदर्शनी की दो दुकानों में सोमवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। इससे दो दुकानें जलकर राख हो गईं। मौके पर अफरातफरी मच गई। इस दौरान एक दुकान में सो रहा एक दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गया। अग्निकांड से करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है।


दुकानदार नीलेश।

सीतापुर चौकी अंतर्गत तीर्थक्षेत्र में रामायण मेला परिसर में चल रहे रामायण मेले में लगी प्रदर्शनी में दुकानें लगाई गई हैं। सोमवार रात अचानक भीषण आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते प्रदर्शनी में लगी दो दुकानंर पूरी तरह जलकर राख हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना रात लगभग ढाई बजे की है। मेला परिसर में अधिकतर दुकानें बंद थीं और लोग विश्राम कर रहे थे। अचानक एक दुकान से उठी आग की लपटें देखते ही देखते पास की दुकानों तक फैल गईं। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कपड़ों की पूरी दुकान और बगल की प्रिंटिंग प्रेस इसकी चपेट में आ गई। कपड़ों की दुकान लगाए निलेश गुप्ता दुकान के अंदर सो रहा था, तभी आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। लोगों ने उसे किसी तरह निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। आग लगने की सूचना मिलते ही चौकी थाना पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा कपड़ा, मशीनें, लैपटॉप और अन्य सामान पूरी तरह जल चुके थे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि वहां अग्निशमन की व्यवस्था थी और सूचना मिलते ही वाहन मौके पर पहुंच गया था।


धू धूकर जलती दुकान। अमृत विचार

- रामायण मेला परिसर में लगी है प्रदर्शनी

### दुकानदारों ने लगाए आरोप

- दुकानदारों का आरोप है कि प्रदर्शनी में एक सौ से अधिक दुकानें लगी थीं, लेकिन अग्निशमन जैसे सुरक्षा उपकरणों की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक वजह सामने आएगी।

# जिले के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** महोबा में हुई मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने नाम रोशन किया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने इन खिलाड़ियों को कार्यालय में सम्मानित किया। बीएसए ने खिलाड़ियों से कहा कि अब वे राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी नाम रोशन करें।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में 50 मी. प्राथमिक स्तर बालिका दौड़ में सफीना, 100 मी. दौड़ में शिवम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खोखो जूनियर में सरैयां प्रथम रहा। 100 मी. दौड़ प्राथमिक में अभिषेक द्वितीय, बालिका में विभा द्वितीय, 400 मी. जूनियर बालक में शुभम द्वितीय, बालिका में अफसाना द्वितीय, 400 मी. जूनियर बालक में शनि प्रथम, प्राथमिक बालक में अभिषेक प्रथम, प्राथमिक बालिका में हेमा प्रथम रहीं। अंत्याक्षरी, लोकनृत्य में जिले के बच्चे प्रथम, एकांकी में द्वितीय, कबड्डी प्राथमिक बालक में विजेता और खोखो जूनियर बालिका में जिले की टीम द्वितीय रही। बीएसए ने बताया कि जिले से लगभग 1000 बच्चों ने मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। इसमें लगभग 50 गोल्ड मेडल, 60 सिल्वर, 10 कांस्य पदक जीते। इस दौरान बीईओ मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, मनीष शुक्ला, दयानंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम नारायण साहू, महेंद्र सिंह, खेमराज, प्रमोद द्विवेदी, श्यामसुंदर यादव, रामभूषण पांडेय, शशि भूषण पांडेय, हनुमंत शरण तिवारी, बद्री कुशवाहा, रमेश चन्द्र, विनोद सिंह, अनिल रहे।


विजयी खिलाड़ियों के साथ बीएसए बीके शर्मा और अन्य शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा नाम त्रुटिवश पासपोर्ट में मोहम्मद अदनान दर्ज हो गया। सही नाम मो0 अदनान है। जो सही है। यही नाम मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है। **मो0 अदनान पुत्र मो0 इरफान निवासी सुभाष नगर, तिर्वागंज जिला- कन्नौज**

**सूचना**

मैं दीपक कुमार सिंह पुत्र स्व: गनेश सिंह निवासी 118/181A6A, कुंज विहार, कौशलपुरी, आरके नगर कानपुर मेरी पुत्री समृद्धि सिंह के एस.एस.ई. 2025 C.B.S.E वाया रोल नं0– 23214168/2025 मे मेरा नाम त्रुटिवश दीपक सिंह लिखा हैं, जो कि अपूर्ण है भविष्य में मुझे दीपक कुमार सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरे पुत्र धर्मराज व उसकी पत्नी रुचि की क्रियाकलापों से पूरा परिवार परेशान रहता है। यह लोग आए दिन गृह क्लेश करते हैं, जिस कारण मैंने इन्हें अपनी अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के कृत्य से मेरा, मेरी पत्नी सुंदरी पुत्र इंस्पेक्टर, जदुराज, रामलड़ैते व इनकी पत्नियों का कोई लेना–देना नहीं है। अपनी किसी कृत्य के लिए यह दोनों जिम्मेदार होंगे। **सुरेश चंद्र पुत्र परमसुख, नि. ग्रा. अतर्छा खुर्द, परगना तहसील, बिलग्राम, जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रीज्ता श्रीवास्तव (srijta) दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम श्रेया श्रीवास्तव है (Shreya Srivastava) है और यही नाम मेरे अंकपत्र और सह प्रमाणपत्र में अंकित है। मेरा वास्तविक नाम **श्रेया श्रीवास्तव पुत्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ग्राम दिनकरपुर, तहसील मनकापुर** गोंडा है।

**Notice**

This is to inform that in my Aadhaar Card bearing number 764617917970, my name has been mistakenly written as Rajdatt, which is incorrect. My correct name is Pujari, and that is the accurate name. Pujari Son of Ram Baran Resident of Ashokpur Chiraiyatanr, Banjaria, Gonda.

**सूचना**

मैं **नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह, निवासिनी 133/133 टी. पी. नगर कानपुर।** मेरी शादी से पहले आधार कार्ड में मेरा नाम कैलाश कौर अंकित है। अब मैने अपना नाम बदलकर नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद बाकी (MOHAMMAD BAKI) से बदलकर मो0 बाकी (MO BAKI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 बाकी पुत्र श्री इस्तिखार पता-रामपुर कटरा जिला-बाराबंकी उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 764617917970 में मेरा नाम त्रुटिवश राजदत्त लिख गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम पुजारी है और यही सही है। **पुजारी पुत्र राम बरन निवासी अशोकपुर चिरैयाटांड़ बंजरिया गोंडा**

**सूचना**

मै ताजउद्दीन पुत्र चन्दू एवं शहनाज बानो पत्नी ताजउद्दीन, नि0–मोहल्ला पुराना कोट नगर रुदौली जनपद अयोध्या उ0प्र0, मेरा वास्तविक अलॉटमेंट लेटर पजेशन लेटर (प्लाट नं0 19A/196) स्थित कांशीराम नगर सेक्टर 19A वृदावन योजना 4 लखनऊ जो वास्तव में कही खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**Public Notice**

I, Sanjay Chatterjee, son of Mr. Niranjan Chatterjee, resident of 628/S-367/C-1, Shakti Nagar, Indira Nagar, Lucknow, UP-226016, have changed my name to Sanjoy Chatterjee. From this day forward, I should be known, recognized, and identified by the name Sanjoy Chatterjee.

**अनदेखी** कार्यदायी संस्था के कामों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष और आक्रोश

# टंकी बन गई पर नियमित नहीं हो रही जलापूर्ति


ज्यादातर गांवों में सड़कों का यह है हाल। अमृत विचार



गांव में बनी टंकी, पर नहीं मिल रहा लाभ।

राजकुमार उपाध्याय, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए जल जीवन मिशन नमामि गंगे जैसी परियोजनाओं की शुरुआत की है और प्रशासन द्वारा गांवों में नियमित जलापूर्ति नियमित देने के आदेश दिए हैं वहीं कई गांवों में हालात बदतर है। विकासखंड रामनगर क्षेत्र में सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

नाम छिपाते हुए कई ग्रामीण बताते हैं कि नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा निर्मित पानी की टंकी से लोगों को नियमित पेयजलापूर्ति की उम्मीद थी लेकिन हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से हस्तक्षेप की अपील करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और नियमित जलापूर्ति बहाल हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

### कभी कभार ही मिलता है शुद्ध पानी : सुशील

- गांव निवासी सुशील का कहना है कि जलापूर्ति कभी कभार ही हो रही है, जिससे दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। प्रशासन को इस ओर जल्द ध्यान देना होगा।



### कई गांव-मजरों में है इस तरह की दिक्कत : मनीष

- गांव के समाजसेवी मनीष कुमार का कहना है कि यह समस्या केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्लाक रामनगर क्षेत्र के कई गांव-मजरों में अव्यवस्था से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस पूरे काम की निष्पक्षता से जांच न होगी तब तक हालात यही रहेंगे।



### कई जगहों पर सड़कें ध्वस्त, भरा पानी

ग्रामीण बताते हैं कि गांव की गलियों में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, पर सड़कों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया। इससे कई रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पाइपलाइन लीकेज के कारण जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे आवागमन बाधित होता है।

### स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं ग्रामीण

भभेट मुस्तकिल ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पानी की टंकी तो बन गई है लेकिन योजना का लाभ मिलने में देरी हो रही है। लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा लीकेज और सड़कों की मरम्मत की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

# नगर पालिका को मिली द्वितीय किस्त

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए संचालित योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि की द्वितीय किस्त अवमुक्त कर दी गई है। इसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में पेयजलपूर्ति को सुदृढ़, व्यवस्थित एवं सुचारु बनाया जाएगा। बताया कि योजना के लिए पूर्व में की गई प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति 1,76,85,000 रुपये के सापेक्ष द्वितीय किस्त के रूप में 86,85,000 रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। डीएम ने अधिशासी अधिकारी लालजी को निर्देशित किया कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग शासनादेशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए तथा सभी काम गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरे कराए जाएं। नियमित मॉनीटरिंग की जाए।



जीव को यह भ्रम है कि यह संसार ही सत्य है, किंतु जैसा वह समझ रहा है वैसा नहीं है, वास्तव में संसार असत्य है।

–रविदास, संत

## एआई का कुंभ

नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 भारत की डिजिटल कूटनीति और उभरती तकनीकी शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन है। ग्लोबल साउथ में आकार और भागीदारी के लिहाज से पहली बार ब्रिटेन, सोल, पेरिस से भी विशाल एआई मंच सजा है, जो भारत के इस क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी कहता है। वैश्विक नेताओं, तकनीकी दिग्गजों और नीति-निर्माताओं की यहां उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बहस अब सिलिकॉन वैली या यूरोप तक सीमित नहीं रही। यह सही है कि भारत इस क्षेत्र में अभी संक्रमणकाल में है। वह न तो पूरी तरह स्थापित शक्ति है न ही मात्र संभावनाओं का देश। उच्च-स्तरीय चिप निर्माण, मूलभूत मॉडल विकास और उन्नत अनुसंधान में भारत अभी भी अमेरिका और चीन से पीछे है।

भारतीय आईटी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर आदि ने मजबूत आधार दिया है। अनुमान है कि 2030 तक भारत का एआई बाज़ार 15–20 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, हालांकि हमें और तेज बढ़त के लिए डेटा और बुनियादी ढांचे की चुनौती से निबटना होगा। एआई का ईंधन डेटा है, देश में व्यवस्थित डेटा-संग्रह, मानकीकरण और सुरक्षित भंडारण की कमी है। डेटा सेंटर क्षमता बढ़ने के बावजूद मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। यदि स्थानीय भाषाओं, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध नहीं होगा, तो भारतीय एआई मॉडल सीमित रह जाएंगे, इसीलिए 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' और डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की चर्चा अहम है। नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक चुनौती है। विशेषज्ञों का यह दावा कि तीन वर्षों में एआई का उपयोग हजार गुना बढ़ सकता है, किंचित अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, पर पूरी तरह अवास्तविक भी नहीं। गौरतलब है, उपयोग में वृद्धि का अर्थ उत्पादकता वृद्धि और समावेशन तभी होगा जब कौशल विकास समानांतर चले, क्योंकि एआई का सामाजिक प्रभाव दोधारी तलवार है, जो नई स्किल सीखेंगे, उनके लिए अवसर बढ़ेंगे; जो नहीं सीखेंगे, उनके लिए रोजगार संकट गहराएगा। अतः सरकार को स्किल इंडिया कार्यक्रम में संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। केवल पारंपरिक आईटी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं; डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, एआई एथिक्स और बहुभाषी मॉडलिंग जैसे कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। उद्योग–अकादमिक साझेदारी, माइक्रो-क्रेडेंशियल और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को बढ़ावा देना समय की मांग है। एआई का सबसे बड़ा प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में दिख सकता है। कृषि में मौसम पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और फसल रोग पहचान; स्वास्थ्य में डायग्नोस्टिक एल्गोरिद्म और टेलीमेडिसिन; शिक्षा में वैयक्तिकृत लर्निंग प्लेटफॉर्म, ये सभी नवाचार भारत जैसे विशाल और विविध देश में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस समिट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि एआई केवल तकनीकी दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का औजार है। भारत यदि नवाचार, नियमन और समावेशन के संतुलन को साध लेता है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि ग्लोबल साउथ के लिए भी एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

### प्रसंगवश

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।'

जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है। बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुज़रे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है।

यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन, यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है। भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखती है। वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हज़ारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि 'मैं गलत भी हो सकता हूं'?

यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है। आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से और यही डर उसकी आवाज़ को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का, इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है। सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेयर अर्थः वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय





जय प्रकाश पांडेय

लेखक

आर्थिक व रणनीतिक सोच में कुछ विषय ऐसे होते हैं, जो लंबे समय तक हाशिये पर रहते हैं, पर जब वे केंद्र में आते हैं, तो विकास की पूरी दिशा को बदल देते हैं। क्रिटिकल मिनरल्स भारत के लिए ऐसा ही विषय बन चुका है। ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर निर्माण, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की चर्चा तब तक अधूरी है, जब तक उन खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और सतत उपलब्धता सुनिश्चित न हो, जिन पर ये तकनीकें निर्भर करती हैं। भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

इस विमर्श की औपचारिक शुरुआत 2023 में हुई, जब भारत सरकार ने 30 क्रिटिकल मिनरल्स की सूची जारी की। लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम और टंग्स्टन जैसे खनिजों को इस श्रेणी में रखने के पीछे दो स्पष्ट तर्क थे। पहला, ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, ईवी बैटरियों, सोलर-विंड प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं। दूसरा, इनकी वैश्विक आपूर्ति कुछ गिने-चुने देशों में अत्यधिक संकेंद्रित है, जिससे किसी भी भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति में आपूर्ति बाधित होने का जोखिम बहुत अधिक हो जाता है। यह सूची केवल एक तकनीकी दस्तावेज़ नहीं थी; यह भारत की उस रणनीतिक चिंता का लिखित रूप थी, जो फॉसिल फ्यूल युग से मिली निर्भरता की सीख से उपजी है।

इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की परिकल्पना की गई और 2025 में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मिशन का उद्देश्य केवल खनन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, विविध और लचीली आपूर्ति-श्रृंखलाएं विकसित करना है। वर्ष 2030 तक लगभग 1,200 संभावित क्रिटिकल मिनरल डिपॉजिट्स की पहचान और वर्ष 2031 तक 100 से अधिक ब्लॉक्स की नीलामी जैसे लक्ष्य यह दर्शाते हैं कि भारत घरेलू संसाधनों को गंभीरता से खंगालना चाहता है। वर्ष 2024–25 में शुरू हुई सैकड़ों अन्वेषण परियोजनाएं, जिनमें रेयर अर्थ्स, लिथियम और कोबाल्ट पर विशेष फोकस है, इसी दिशा में प्रारंभिक कदम हैं।

फिर भी, नीति-निर्माताओं को यह भ्रम नहीं है कि खनन ही समाधान है। थिंक-टैंक आधारित विश्लेषण यह रेखांकित करते हैं कि भारत की चुनौती खनन से अधिक प्रसंस्करण और परिशोधन क्षमता की कमी में निहित है। परिणामस्वरूप, कच्चे अयस्क के निष्कर्षण या आयात के बाद मूल्य-वर्धन का बड़ा हिस्सा विदेशी रिफाइनिंग केंद्रों में स्थानांतरित हो जाता है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारत ऊर्जा संक्रमण की दौड़ में उपभोक्ता तो बनेगा, पर निर्णायक खिलाड़ी नहीं।

केंद्रीय बजट 2025–26 और 2026–27 को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने इस संरचनात्मक समस्या को समझ लिया है। वर्ष 2025–26 के बजट में 25 क्रिटिकल मिनरल्स पर मूल सीमा शुल्क को शून्य करना और बारह क्रिटिकल खनिजों के स्क्रैप, कोबाल्ट पाउडर तथा लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट पर मूल सीमा शुल्क समाप्त करना रीसाइक्लिंग उद्योग और द्वितीयक उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस नीतिगत पहल थी। इससे राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के उस स्तंभ को बल मिला, जो आयात-निर्भरता घटाने और सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

बजट 2026–27 ने इसी नीतिगत दिशा को आगे बढ़ाते हुए प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। यह निर्णय किसी तात्कालिक रियायत से अधिक, उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है कि क्रिटिकल खनिजों से जुड़ी प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वभावतः पूंजी-सघन और जोखिमपूर्ण होती हैं। इन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए प्रारंभिक चरण में लागत का बोझ केवल निजी निवेशकों पर छोड़ देना व्यावहारिक नहीं है। इसी क्रम में, कुछ क्रिटिकल खनिजों को आयकर अधिनियम की प्रासंगिक अनुसूची में शामिल कर अन्वेषण और पूर्वेक्षण पर होने वाले खर्च को कर-कटौती योग्य बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। यह व्यवस्था इस संकेत के रूप में देखी जानी चाहिए कि राज्य खनिज अन्वेषण की अनिश्चितताओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा करने और दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को तैयार है।

बजट 2026–27 का सबसे प्रतीकात्मक और रणनीतिक निर्णय रेयर अर्थ कॉरिडोरों की घोषणा के रूप में सामने आया है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव किसी साधारण क्षेत्रीय विकास योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चीन-केंद्रित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला से उत्पन्न जोखिमों को सीधे संबोधित करता है। इन कॉरिडोरों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जोड़ते हुए खनन, प्रसंस्करण और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला को एक साझा भौगोलिक और संस्थागत ढांचे में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसका आशय स्पष्ट है, भारत अब रेयर अर्थ तत्वों को केवल कच्चे खनिज के रूप में नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन ऊर्जा टर्बाइन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसी रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य इनपुट के रूप में देखने लगा है। इस घरेलू रणनीति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से काटकर नहीं देखा जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि क्रिटिकल खनिजों के परिशोधन और प्रसंस्करण में चीन की प्रभुत्वपूर्ण स्थिति ने अनेक देशों को रणनीतिक असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

### आमने सामने



जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से एक जानवर का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है।

**–टीकाराम जूली**
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान

आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।

**–गोपाल शर्मा**
विधायक
भारतीय जनता पार्टी



# 60% युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं, उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बढ़ता दबाव, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फैल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में 19.73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13-17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं।

सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं, जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकार की 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता के अभाव के साथ ही प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं।

बात अकेले राजधानी की नहीं है, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक अध्ययन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याद्दाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

डब्लूएचओ व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बता दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढीले होना; इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं, जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही हैं। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर नहीं आते। जब मर्ज बढ़ जाता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

'जय विज्ञान' के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डॉक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मोलवी और तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। भारत में 1982 में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू हुआ था, लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है। देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है। यानी एक लाख पर औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के मुताबिक देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले युवाओं में पाए जा रहे हैं।

### सोशल फोरम

## कहानी मोगली की

रुडयार्ड किपलिंग का मशहूर किरदार 'मोगली' जिसे भेड़ियों ने पाला था, वो किरदार दरअसल एक अंग्रेज कमांडर 'विलियम हेनरी स्लीमैन' द्वारा लिखे गए संस्मरण से उठाया गया था, हालांकि किपलिंग ने ये कभी नहीं माना कि उन्होंने स्लीमैन के लेखों से प्रेरणा ली, लेकिन तथ्यात्मक रूप से यही बात सच है कि भेड़ियों द्वारा इंसानी बच्चों को पालने की घटनाएं उत्तर प्रदेश के जंगलों में बहुत बार देखी गईं और सबसे पहले इन घटनाओं को स्लीमैन ने ही लिपिबद्ध किया।



जिया इम्तियाज

ब्लॉगर

मुझे पता नहीं था कि अम्मी हमारे बचपन में सुल्तानपुर में आने वाले भेड़ियों की, बच्चों को उठा ले जाने की, कई बच्चों के बच जाने और कइयों के मारे जाने की जो पुरानी कहानियां सुनाती थीं, उन कहानियों में एक खास बात भी थी कि सुल्तानपुर के जंगल वाक़ई एक वक्त में भेड़ियों का गढ़ हुआ करते थे और भारत में सबसे पहले भेड़िया मानव का ज़िक्र स्लीमैन ने 'सुल्तानपुर' के जंगलों में ही मिले बच्चे के बारे में किया था।

स्लीमैन ने लिखा था कि सन् 1848 में सुल्तानपुर के एक गांव 'चंदौर' में अंग्रेज सिपाहियों को गोमती नदी के किनारे एक मांद से एक मादा भेड़िया निकलती दिखी, इसके पीछे तीन भेड़िया शावक चल रहे थे और चौथा इंसानी बच्चा था, जो इस मादा भेड़िया के पीछे चार पैरों पर चल रहा था। सिपाहियों ने मादा भेड़िया को मारकर उस इंसानी बच्चे को कब्जे में कर लिया पर वो बच्चा इंसानों के हाथ नहीं आना चाहता था, वो बच्चा भेड़िये की तरह गुर्राता था, इस बच्चे को 'हसनपुर' के राजा को सौंप दिया गया।

हसनपुर के राजा ने इस बच्चे को एक अंग्रेज अधिकारी को दे दिया था, ये बच्चा दो साल तक रहा, पर कभी इंसानी समाज में लौट नहीं सका और वो केवल कुत्तों और गीदड़ों से मित्रवत रहा, 1850 में अचानक एक दिन उस बच्चे की मृत्यु हो गई। स्लीमैन ने दूसरा ज़िक्र सुल्तानपुर के एक दूसरे गांव में 1849 में मिले एक भेड़िया बच्चे का किया है, जिस बच्चे के जिस्म पर बने बर्थ मार्क देखकर उसको जन्म देने वाली मां ने पहचान लिया। जिस स्त्री का बच्चा छह साल पहले घर से कोई जानवर उठाकर ले गया था, ये बच्चा भी भेड़िये ने पाल लिया था और ये बच्चा भी मानव समाज में घुलमिल नही पाया और एक दिन वापस जंगल में भाग गया। स्लीमैन ने अपनी डायरी में लिखा था, 'सुल्तानपुर के आसपास असंख्य भेड़िये हैं, गोमती नदी के किनारे बने खड्डों में बहुत से बच्चों को भेड़ियों द्वारा कस्बों, गांवों और शिविरों से ले जाया जाता है'।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## एआई समिटः नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक

आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम् माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।



सुनील कुमार महला

लेखक

आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएं भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।

पांच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निर्माता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं।

16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

भारत वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ एआई के क्षेत्र में अग्रणी विकासशील देश भी बन चुका है, इसलिए इस स्तर का वैश्विक आयोजन पहली बार किसी विकासशील देश में होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। सम्मेलन में 13 देशों के लगभग 300 पवेलियन वाले एक्सपो का आयोजन भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के माध्यम से आम लोगों तक तकनीक के लाभ पहुंचाने, सस्ती तकनीक उपलब्ध कराने और वैश्विक असमानताओं को कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते देश निवेश बढ़ाए, प्रतिभाओं को बनाए रखे और अनुकूल तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
रंगोली



# आदिवासी अंचल का सांस्कृतिक पर्व भगोरिया

आदिवासी अंचल में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला भोंगर्या अर्थात भगोरिया पर्व जनजाति समाज का मुख्य त्योहार है। इसे आलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र के समीपस्थ ग्रामों के निकटतम साप्ताहिक हाट या कहीं पर जहां हाट भी नहीं लगता है, वहां वर्ष में एक दिन मनाया जाता है। मांदल की थाप और बांसुरी की मदमाती धुन, जब महुआ के फूल की मादक खुशबू महकने लगती है, बौराए हुए आम की एक खास महक और ताड़ी का भरपूर सुरूर अपने यौवन पर आ जाता है और होली का सप्ताह करीब हो, तो समझ लो कि भगोरिया आ गया। होलिका दहन का दिन आखिरी भगोरिया पर्व और इसके 6 दिन पूर्व के यानी पूरे 7 दिन यह पर्व होता है।



अनिल तंवर
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी

## आदिवासी समाज का विशेष हाट

कुछ लोग (गैर-आदिवासी मीडिया) द्वारा आदिवासियों को बदनाम करने के लिए भोंगर्या हाट को परिणय पर्व या वैलेंटाइन डे से संबोधित करते हैं, जो एक सोची-समझी साजिश के तहत पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर्व में कभी भी पान खिलाकर और गुलाल लगाकर लड़की भगाने का जो मिथ्या प्रचार किया जाता रहा है। वह केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा आदिवासी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश रही है। पूर्व में यहां, जो गिने-चुने फोटोग्राफर आते थे, उन्होंने अपनी छपास की भूख और प्रसिद्धि के कारण इस पर्व को गलत रूप में प्रचारित किया। आदिवासी समाज के युवक और युवतियां अब जागृत हो चुके हैं और उनका कहना है कि गैर आदिवासी मीडिया इस प्रकार का भ्रम फैलाना बंद करे। यह न तो कोई परिणय पर्व है और न ही कोई त्योहार है। यह सिर्फ होली पूर्व एक विशेष हाट हैं, जिसमें आदिवासी बच्चों से लेकर बुजुर्ग उत्साह और जोश के साथ भोंगर्या हाट में जाकर ढोल-मांदल, थाली, बांसुरी की मिश्रित मधुर ध्वनि के साथ नाच-गाना कर एन्जॉय करते हैं और होली पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते हैं।

## सात दिनों तक चलेगा मेला



अंचल का प्रमुख आदिवासी लोकपर्व भगोरिया इस वर्ष 24 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। वर्ष में एक बार मनाए जाने वाले इस पर्व के कारण हफ्तेभर तक क्षेत्र में उल्लास छाया रहता है। पर्व मनाने के लिए पलायन स्थलों से भी ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने गांव लौटेंगे। लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेला लगेगा, जिस दिन का संस्कृति प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते है, वह पर्व अब त्योहारिया हाट से प्रारंभ होगा। इसमें मस्ती व उल्लास रहेगा, तो आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आएगी। पेट की आग बुझाने के लिए क्षेत्र की 70 प्रतिशत जनता पलायन करती है। रोजगार की तलाश में दूर-दूर तक जाने वाले ग्रामीण जहां कहीं भी होंगे, भगोरिया की महक उन्हें अपने गांव लौटने के लिए वापस मजबूर करेगी।

वार्षिक मेले भगोरिया की प्रमुख विशेषता यह है कि 7 दिनों तक लगातार यह चलता है। हर दिन कहीं न कहीं भगोरिया मेला रहता है। इन मेलों में गांव के गांव उमड़ पड़ते है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक अनिवार्य रूप से इसमें सहभागिता करते है। ढोल, मांदल, बांसुरी जैसे वाद्य यंत्रों की मीठी ध्वनि और लोक संगीत के बीच जब सामूहिक नृत्य का दौर भगोरिया मेले में चलता है, तो चारों ओर उल्लास ही उल्लास बिखर जाता है। साथ ही होती है झूला-चकरी की मस्ती व पान तथा अन्य व्यंजनों की भरमार। चाहे जितने जीवन में संघर्ष हो, लेकिन सब कुछ भूलकर हर ग्रामीण भगोरिया की मस्ती में डूबा दिखाई पड़ता है।



## रियासत काल से चल रहा है त्योहार

रियासत काल से चल रही धुलेंडी के सात दिन पहले से यह पर्व आरंभ हो जाता है। रियासत काल से ही यह पारंपारिक त्योहार यहां चल रहा है। पर्व को लेकर अलग-अलग इतिहास भी बताया जाता है। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि ग्राम भगोर से यह पर्व आरंभ हुआ, इसलिए इसका नाम भगोरिया पड़ गया। कुछ लोगों का मानना है कि होली के पूर्व लगने वाले हाटों को गुलालिया हाट कहा जाता था। इसमें खूब गुलाल उड़ती थी। बाद में होली के पूर्व मनाए जाने वाले इन साप्ताहिक हाटों को भगोरिया कहा जाने लगा। मान्यता चाहे जो हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि यह वार्षिक पर्व अपनी संस्कृति की सुगंध हमेशा से चारों ओर बिखेर रहा है।

### अनोखी परंपरा

## फामादीहाना : मौत के पार रिश्तों का उत्सव




दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी होती हैं, जो पहली नजर में हैरान करती हैं, लेकिन गहराई से समझने पर इंसानी संवेदनाओं और रिश्तों की नई परतें खोलती हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा अफ्रीकी द्वीपीय देश मेडागास्कर में देखने को मिलती है, जहां लोग अपने गुजरे हुए अपनों को याद करने के लिए कब्र से बाहर लाते हैं और उनके साथ नाचते-गाते हैं। यहां मृत्यु को अंतिम विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलन का अवसर माना जाता है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में निभाई जाने वाली इस परंपरा को फामादीहाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है-"हड्डियों को पलटना।" यह रस्म हर पांच से सात साल में आयोजित की जाती है। इस दौरान परिवार के लोग अपने पूर्वजों की कब्रें खोलते हैं, उनके अवशेषों को बाहर निकालकर नए, सुंदर रेशमी कफनों में लपेटते हैं और फिर संगीत, ढोल-नगाड़ों और गीतों के साथ नृत्य करते हैं। यह दृश्य किसी शोक समारोह से अधिक एक उत्सव जैसा लगता है।

मालगासी समाज में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि मृत्यु के बाद भी आत्माएं पूरी तरह विदा नहीं होतीं। माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपने परिजनों का हाल जानने धरती पर लौटती हैं। फामादीहाना उन्हीं आत्माओं के सम्मान, उनसे संवाद और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस रस्म के दौरान लोग अपने दिवंगत प्रियजनों से बातें करते हैं, उन्हें परिवार की नई पीढ़ी से परिचित कराते हैं और जीवन की घटनाएं साझा करते हैं। फामादीहाना के समय कब्रिस्तान का माहौल बिल्कुल बदल जाता है। वहां ढोल बजते हैं, लोग पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करते हैं, सामूहिक भोज पकता है और पूरे इलाके में उत्सव का रंग बिखर जाता है। बाहरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य चौंकाने वाला और असामान्य हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह बेहद पवित्र और भावनात्मक अनुभव होता है। यहां तक कि उंगली से इशारा करना भी वर्जित माना जाता है, क्योंकि ऐसा करने से आत्माओं के नाराज होने की मान्यता है। पहली नजर में फामादीहाना डरावनी या रहस्यमयी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह मौत का उत्सव नहीं, बल्कि यादों, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। शायद यही कारण है कि सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि दुनिया में रिश्तों को देखने और निभाने के कितने अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

### आर्ट गैलरी

## राफेल की 'द ट्रांसफिगरेशन'

द ट्रांसफिगरेशन नाम का आर्टवर्क मशहूर रेनेसां आर्टिस्ट राफेल का एक मास्टरपीस है, जिसे साल 1520 में पूरा किया गया था। पैनल पर बनी यह ऑयल पेंटिंग हाई रेनेसां आर्टिस्ट्री का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने धार्मिक जॉनर के लिए जानी जाती है। आर्टवर्क में, देखने वाले को एक ज़बरदस्त चित्रण देखने को मिलता है, जिसमें एक्सप्रेसिव फिगर्स की भीड़ है, जो एक साफ ड्रामैटिक इंटेंसिटी में लिपटी हुई है। इन फिगर्स को इमोशन की एक जबरदस्त गहराई के साथ दिखाया गया है, जिसमें गहरी भक्ति से लेकर डरावने अविश्वास तक शामिल हैं। कंपोजिशन में कई दिव्य और इंसानी कैरेक्टर्स हैं, जो डायनैमिक रूप से बातचीत करते हैं।



राफेल पेंट की गई फिगर्स में थ्री-डायमेंशनल क्वालिटी लाने के लिए काइरोस्कोरो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी असली जैसी मौजूदगी और बढ़ जाती है। कलर पैलेट में रिच टोन भरे हुए हैं, जो कपड़ों की ड्रेपरी और फिगर्स के शरीर को बहुत बारीकी से दिखाते हैं और सीन की कहानी कहने की ताकत पर ज़ोर देते हैं।

### राफेल के बारे में



राफेल सैंजियो दा अर्बिनो, जिन्हें राफेल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हाई रेनेसां कॉल के सबसे महान पेंटर्स में से एक थे। उनका जन्म 1483 में इटली में एक आर्टिस्ट परिवार में हुआ था और उन्होंने पेंटिंग के लिए शुरू से ही टैलेंट दिखाया और जल्द ही एक जाने-माने आर्टिस्ट बन गए। यह वह समय था जब पूरे यूरोप में आर्ट फल-फूल रहा था। इसकी पहचान क्लासिकल एंटीक्विटी और ह्यूमनिज्म में दिलचस्पी थी, जिससे पर्सपेक्टिव और काइरोस्कोरो जैसी पेंटिंग टेक्नीक में नए डेवलपमेंट हुए। इस दौरान, लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो बुओनारोती जैसे कई महान आर्टिस्ट उभरे। राफेल के काम में लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो जैसे उनके कंटेंपरेरी लोगों के साथ-साथ पेरुगिनो जैसे पहले के मास्टर्स का भी असर दिखता है, जिन्होंने उन्हें उनकी अप्रेंटिसशिप के दौरान सिखाया था। उन्होंने उनकी स्टाइल को अपने यूनिक विजन के साथ मिलाया, जिससे ऐसी पेंटिंग्स बनीं, जो टेक्निकली परफेक्ट और इमोशनली एक्सप्रेसिव दोनों थीं।

### लोकायन

हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का देश है। यहां सभी धर्म के त्योहार धूमधाम व सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। इसी प्रकार देश के कुछ प्रदेशों में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में अंग्रेजी नव वर्ष मनाना तो आम बात है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे देश में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। लोसर 18 फरवरी से मनाया जाएगा और इसका मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, लेकिन यह त्योहार 15 दिनों तक मनाया जाता है।

## परंपरा और उत्सव का संगम तिब्बती नव वर्ष लोसार

**क्या है लोसार उत्सव :** 'लोसार' दो तिब्बती शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'लो' का अर्थ 'नया' और 'सर' का अर्थ 'वर्ष' होता है। इस प्रकार इसका सामूहिक अर्थ 'नया साल' है। लोसार तिब्बत, नेपाल और भूटान का सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहार माना जाता है। भारत में यह मुख्य रूप से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तिब्बती समुदायों और स्थानीय जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव जीवन के नवीनीकरण, समृद्धि और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है।



**सांस्कृतिक महत्व :** हालांकि लोसार को 'तिब्बती नव वर्ष' कहा जाता है, लेकिन इसकी जड़ें बौद्ध धर्म के आगमन से भी पहले की हैं। यह मूल रूप से 'बोन' परंपरा का हिस्सा था, जिसमें लोग सर्दियों के अंत में प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूजा करते थे। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत की मुख्य धारा बना, तो यह उत्सव आध्यात्मिक और धार्मिक रंगों में रंग गया। लोसार का मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, जबकि समूचा पर्व लगभग 15 दिनों तक मनाया जाता है। लोसार में साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका पहला दिन 'लामा लोसार' कहलाता है, जिसमें घरों की पुताई और गहन सफाई की जाती है। पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाया जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर घरों की सजावट की जाती है और नई प्रार्थना-पताकाएं लगाई जाती हैं।

**तीन दिनों तक चलते हैं कार्यक्रम :** लोसार उत्सव के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व ही मठों में शंखनाद गूंजने लगता है। लोग अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। तिब्बती और लद्दाखी परिवार घरों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, जिनमें दीप प्रज्वलन और बौद्ध मंत्रों का पाठ शामिल होता है। इस दिन तिब्बती लामा और उच्च गुरुओं की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। दूसरा दिन 'ग्यालपो लोसार' अर्थात 'राजाओं का दिन' कहलाता है। यह दिन सामुदायिक मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। ऐतिहासिक रूप से यह शासकों और उनके मंत्रियों के बीच संवाद का दिन रहा है। आज यह सार्वजनिक समारोहों, नृत्य-गीत और मेलों के रूप में मनाया जाता है। लद्दाख और धर्मशाला की सड़कों पर पारंपरिक परिधानों में सजे लोग एक-दूसरे को 'ताशी देलेक' कहकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

तीसरा दिन 'चो-क्योंग लोसार' यानी 'धर्म रक्षकों का दिन' होता है। इस दिन लोग पहाड़ियों और पर्वत चोटियों पर जाकर धूप (सांग) जलाते हैं और प्रार्थना-पताकाएं (लुंगटा) फहराते हैं। ये पताकाएं शांति, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती हैं।

**मुखौटा नृत्य (छम) :** लोसार उत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक पक्ष मठों में होने वाला 'छम' या मुखौटा नृत्य है। यह नृत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होता है। रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों और भव्य मुखौटों में सजे लामा जब नृत्य करते हैं, तो दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक संसार का अनुभव होता है।


## मिस्र में मिले शैलचित्र का भारतीय संदर्भ में महत्व

मिस्र के दक्षिणी सिनाई स्थित उम्म अरक पठार पर लगभग 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्रों की खोज ने प्रागैतिहासिक कला के वैश्विक इतिहास को नए सिरे से देखने का अवसर दिया है। देखा जाए तो यह हालिया पुरातात्विक खोज केवल मिस्र की सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आरंभिक कलात्मक बोध की एक साझा विरासत की ओर संकेत करती है। भारतीय संदर्भ में देखें तो यह खोज विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो उठती है, क्योंकि भारत में भी शैलकला की समृद्ध और प्राचीन परंपरा विद्यमान है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

भारत में मध्य प्रदेश के भीमबेटका शैलाश्रय विश्वप्रसिद्ध प्रागैतिहासिक शैलचित्रों का केंद्र है, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। भीमबेटका की गुफाओं में मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, पशु-पक्षियों की छवियां और सामुदायिक जीवन के संकेत मिलते हैं। आश्चर्यजनक रूप से उम्म अरक के शैलचित्रों में भी समान प्रकार की विषयवस्तु- शिकार, पशु आकृतियां और प्रतीकात्मक चिह्न दिखाई देते हैं। यह समानता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हुए भी प्रारंभिक मानव समुदायों की संवेदनाएं और अभिव्यक्तियां कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



उम्म अरक के चित्रों में जंगली पशुओं और मानव समूहों के दृश्य उस समय की पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना का संकेत देते हैं। इसी प्रकार भीमबेटका तथा भारत के अन्य शैलचित्र स्थलों में भी सामुदायिक गतिविधियों, अनुष्ठानों और प्रकृति से गहरे संबंध का बोध मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शैलकला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि यह जीवनयापन, आस्था और सामाजिक संगठन का दस्तावेज भी थी। भारतीय परिप्रेक्ष्य में शैलचित्रों को केवल 'कला' के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के रूप में भी देखा जाता है। वे उस समय के मनुष्य के मानस, उसकी आशंकाओं, आकांक्षाओं और आध्यात्मिक अनुभवों का दृश्य लेखा हैं। मिस्र के उम्म अरक की खोज इस वैश्विक मान्यता को पुष्ट करती है कि मानव रचनात्मकता की जड़ें अत्यंत प्राचीन और सार्वभौमिक हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तन का है। उम्म अरक के चित्र संकेत देते हैं कि दक्षिणी सिनाई क्षेत्र कभी अधिक हरित और जीवनोपयोगी रहा होगा। इसी प्रकार भारत के कई शैलचित्र स्थल भी ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां आज का पर्यावरण अतीत की तुलना में बिल्कुल भिन्न है। इस प्रकार शैलचित्र केवल कला-इतिहास नहीं, बल्कि पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

भारतीय कला-दर्शन की दृष्टि से यदि देखें तो 'मंडल', 'चक्र' और 'सृष्टि-चेतना' जैसे प्रतीक, जो बाद की सभ्यताओं में विकसित हुए, उनकी आदिम जड़ें भी संभवतः इन्हीं प्रारंभिक प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों में निहित रही होंगी। दरअसल शैलचित्रों की वृत्तात्मक रचनाएं और समूह-आकृतियां सामूहिकता और ब्रह्मांडीय व्यवस्था की प्रारंभिक समझ का संकेत देती हैं। उम्म अरक की यह खोज भारत सहित विश्व के अन्य प्रागैतिहासिक स्थलों के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। इससे यह समझ विकसित होती है कि मानव सभ्यता का विकास किसी एक भूभाग की कहानी नहीं, बल्कि एक साझा मानवीय यात्रा है।

अतः मिस्र के दक्षिणी सिनाई में मिले ये 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्र भारतीय शैलकला की परंपरा के साथ संवाद स्थापित करते हैं। हमें यह स्मरण कराते हैं कि मानवता की सांस्कृतिक स्मृति सीमाओं से परे हैं। ऐसे में चाहे वह सिनाई का पठार हो या भीमबेटका की गुफाएं, कला मनुष्य की सार्वभौमिक भाषा रही है, जो समय, भूगोल और संस्कृतियों को जोड़ती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,450.96 | 25,725.40 |
| बढ़त | 173.81 | 42.65 |
| प्रतिशत में | 0.21 | 0.17 |

**सोना** प्रति 10 ग्राम: 1.57 लाख

**चांदी** प्रति किलो : 2.45 लाख



# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** विदेशी बाजारों में मिले जुले रुख के बीच कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 57 रुपये या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसके मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 47 रुपये या 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,752 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 10,277 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग तथा वैश्विक कीमतों में मिले जुले रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 63.24 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### क्लीनमैक्स का आईपीओ 23 को

**नई दिल्ली, एजेंसी :** वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,000-1,053 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। क्लीन मैक्स ने बयान में कहा कि प्रस्तावित आईपीओ में 1,200 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों और एक निवेशक शेयरधारक द्वारा 1,900 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी :** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपये का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं। ई-विटारा के 49 किलोवाट आवर मॉडल की बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ कीमत 10.99 लाख रुपये है।

## रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आधार तैयार कर रहा है भारत: राजनाथ

### देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान एक-चौथाई पर पहुंचा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का आधार तैयार हो रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को यहां वेमगल में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयर बस के संयुक्त हेलीकॉप्टर विनिर्माण संयंत्र की असेंबली लाइन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर आज लगभग एक-चौथाई पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रक्षा विनिर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर आधार तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस संयंत्र में एयरबस से एच125 हेलीकॉप्टर और उसके सैन्य संस्करण एच125एम हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। अगले साल के मध्य तक संयंत्र में बने पहले हेलीकॉप्टर के रोल आउट और उड़ान भरने की उम्मीद है।

इस संयंत्र को शुरू से ही यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) का प्रमाणन प्राप्त होगा जो वैश्विक स्तर पर दो प्रमुख प्रमाणनों में शामिल है। असेम्बली लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रां ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से किया। वेमगल में रक्षा मंत्री सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैट्रिन के अलावा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुध कारखानों के निजीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग में उदारीकरण, निजी निर्माताओं को नीतिगत समर्थन और रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन सुधारों ने निजी कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराकर तथा उत्पादन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और दक्षता को बढ़ावा दिया है जिससे रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर उभरते रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा सहायक उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, रक्षा उत्पादन में संलग्न एमएसएमई की संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक हो गयी है। अब कई विदेशी कंपनियां भारतीय कंपनियों से महत्वपूर्ण पुर्जे खरीद रही हैं।

## असम सरकार ने 62,294.78 करोड़ का अंतरिम बजट किया पेश

**गुवाहाटी, एजेंसी:** असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में मंगलवार को पेश किया।

राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके।

## एयर इंडिया, लुफ्थांसा कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह ने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाते हुए एक-दूसरे के यात्रियों के लिए भारत और यूरोप में साझा कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से किया गया है।

इसके तहत एयर इंडिया और जर्मनी के लुफ्थांसा समूह की विमान सेवा कंपनियों और सहायक कंपनियों - एयर इंडिया एक्सप्रेस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रसेल्स एयरलाइंस, आईटीए एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस और अन्य संबद्ध एयरलाइंस समेत - के बीच संयुक्त व्यावसायिक समझौते की रूपरेखा तय की गयी है।

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह के बीच एक कोडशेयर समझौता पहले से है। दोनों स्टार एलायंस के सदस्य हैं। यह करार दोनों पक्षों को भारत और प्रमुख यूरोपीय बाजारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के विकल्प तलाशने में सक्षम बनायेगा। एमओयू पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और लुफ्थांसा समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्स्टन श्पोर ने हस्ताक्षर किये। अभी इस समझौते को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष हैं। दोनों पक्ष चयनित बाजारों में मार्ग योजना और उड़ान समय-सारिणी का समन्वय, संयुक्त बिक्री, विपणन और वितरण पहल पर सहयोग कर सकते हैं।

## दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2.9 करोड़ के पार होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है।

दुपहिया बाजार में 95 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली छह कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर क्रिसिल ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-26 में दो विपरीत कहानियां देखने को मिलीं।

## नेशनल स्माल इंड. कार्पोरेशन अनुसूची ए उपक्रम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन में लगे केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के उपक्रम नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि. (एनएसआईसी) को अनुसूची ए के केंद्रीय उपक्रम का दर्जा दिया गया है।

उच्च स्तर का कार्य प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय उद्यम इस श्रेणी में रखे जाते हैं। एनएसआईसी को अभी तक अनुसूची बी में रखा गया था।

## ओसलो में नार्वे के वित्त मंत्री से मिलीं सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा**



सीतारमण

वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है।

दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है। स्टोल्टेनबर्ग ने श्रीमती सीतारमण से कहा कि नार्वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है। मोदी इस साल के आखिर में नार्वे जाने वाले है और उम्मीद है कि इससे भारत -नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार होगा। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने ओसलो में नॉर्वे की संसद की वित्त समिति की अध्यक्ष तुवा मोफ्लैग, ईएफटीए समिति की उप प्रमुख ट्राइन लिसे सुंडनेस और संसद में नार्वे-भारत मैत्री समूह के प्रमुख हिमांशु गुलाटी से बातचीत की। श्रीमती सीतारमण ने नार्वे के इन नेताओं के साथ भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाये जाने के विषय में भी वार्ता की। चार यूरोपीय देशों के व्यापार समूह ईएफटीए में नार्वे भी शामिल है।

## आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

**स्थानीय** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।



दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक से पहले रक्षा शेयरों में 1.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद पर संभावित चर्चा की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है।

## अत्याति टेक्नोलॉजीज का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी बीएलएस ई-सर्विसेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी:** बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अत्याति टेक्नोलॉजीज लि. का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली बीएलएसई ई-सर्विसेज ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद में होगा और इसके 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सौदा नियामक प्राधिकरणों, शेयरधारकों तथा अन्य मंजूरी पर निर्भर है।

# राष्ट्रीय

## मंत्री की टिप्पणी के बाद कर्नाटक में नेतृत्व विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर लंबे समय से जारी विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब राज्य के समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने आवारा कुत्तों पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए एक विवादित बयान दिया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने महादेवप्पा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महादेवप्पा ने सोमवार को मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत में शीर्ष स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा था कि नेतृत्व के मुद्दे पर कहां चर्चा हो रही है? उच्च न्यायालय बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय केंद्रों में बंद करो। यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। जब महादेवप्पा से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि उनका इशारा किस ओर था, तो उन्होंने कहा कि वह केवल उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणी का जिक्र कर रहा था। मुझे नहीं पता कि आप लोग इसकी व्याख्या कैसे करते हैं।

## प. बंगाल में पांच निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

- **निर्वाचन आयोग ने छह माह पहले आदेश दिया था**

पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के अल्टीमेटम पर कार्रवाई करते हुए राज्य में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर कथित गंभीर चूक और डेटा सुरक्षा नीतियों के उल्लंघन के आरोप में राज्य सरकार के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। इन कर्मचारियों में दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) भी शामिल हैं। यह कार्रवाई आयोग द्वारा राज्य को आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू करने का निर्देश दिये जाने के छह महीने बाद की गई।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम पांच बजे की निर्धारित समयसीमा से महज कुछ ही घंटे पहले पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गईं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बीच हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपने सभी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और इस कदम को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए । आरोपी कर्मियों पर दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों में सौ से अधिक फर्जी नाम जोड़ने का आरोप है।

आयोग ने पिछले साल अगस्त में कथित पेशेवर कदाचार का पता चलने के बाद राज्य सरकार को पांचों अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इन पांच अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रवेश संकेत अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए, जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सके और उन्होंने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन नहीं किया। इन अधिकारियों में देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल (बरुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ), बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास (मोयना के ईआरओ और एईआरओ) तथा सुरजीत हलदर (अस्थायी डाटा प्रविष्टि संचालक) शामिल हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन शुरुआत में उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। सरकार का कहना था कि ये कार्य 'अनजाने में हुई गलतियां' थीं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का हवाला देते हुए आयोग ने राज्य के रुख को खारिज कर दिया, जनवरी में अनुस्मारक जारी किए और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की समय सीमा निर्धारित की।

### ममता ने निर्वाचन आयोग को तुगलकी आयोग बताया



कोलकाता, एजेंसी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक राजनीतिक दल द्वारा संचालित तुगलकी आयोग करार दिया और राज्य की मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर का आरोप लगाया। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। " मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए, यह लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों के साथ आतंकियों की तरह बर्ताव कर रहा है।

## सुनेत्रा पवार राकांपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनीं गयीं

**नई दिल्ली, एजेंसी:** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उनकी नियुक्ति पर औपचारिक मुहर 26 फरवरी को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लगायी जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया

## फारूक ने शांति को एकता की अपील की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने देश से केंद्र-शासित प्रदेश के लोगों की शांति और गरिमा के लिए लड़ाई में एकजुट होने की मंगलवार को अपील की। अब्दुल्ला केरल राज्य योजना आयोग की ओर से यहां विकास और लोकतंत्र के विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन-2031 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

अब्दुल्ला के भावपूर्ण संबोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सीट पर लौटने पर उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आपकी ओर देखते हैं और मन ही मन कहते हैं, अल्लाह! तू कब जागेगा, ताकि हम भी आजादी से चल सकें, आजादी से बोल सकें, आजादी से सोच सकें। यही तो लोकतंत्र है-लोगों का, लोगों के लिए, लोगों द्वारा हमारे बच्चे और हमारे लोग, जिन्होंने दुख झेला है, वे आज भी उत्तर में दुख झेल रहे हैं। हां, उन्हें पाकिस्तानी कहकर पुकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे बच्चों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह सब कब खत्म होगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि दक्षिण अब भी उन सांप्रदायिक ताकतों से मुक्त है, जो देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने 90 साल की उम्र में यह यात्रा इसलिए की, ताकि आप सभी से कह सकूं कि हमारे बारे में सोचें, हमारे लिए प्रार्थना करें।

## अमेरिका को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने का करार

**नई दिल्ली, एजेंसी:** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए व्यवसायिक समझौता किया है। महासंघ ने कहा कि यह एक अहम घटनाक्रम है क्योंकि यह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

## कामरा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए

**शिंदे के खिलाफ टिप्पणी**

**मुंबई, एजेंसी**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। हालांकि, समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड ने बताया कि मुख्य शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 मार्च के लिए स्थगित कर दी गई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता सुषमा अंधारे भी समिति के समक्ष पेश हुईं।

कामरा और अंधारे ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि सुनवाई के दौरान उनके बयान दर्ज नहीं किए गए, क्योंकि मुख्य शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रवीण दारेकर अनुपस्थित थे। शिवसेना की इस धमकी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें मुंबई आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, कामरा ने कहा कि वह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लाड के मुताबिक, "कामरा ने समिति को बताया कि वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। हालांकि, शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में उनका बयान दर्ज करना उचित नहीं होता। इसलिए यह तय किया गया कि दोनों पक्षों के बयान एक ही दिन दर्ज किए जाएंगे।

दारेकर से चर्चा के बाद 10 मार्च को शाम चार बजे सुनवाई करने का फैसला लिया गया।" अंधारे ने पिछले साल हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की गई थी, जहां कामरा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के ऊपर एक पैरोडी गीत गाया था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, "हम जानना चाहते थे कि हमारे खिलाफ क्या आरोप हैं।" दारेकर ने शिवसेना प्रमुख शिंदे के खिलाफ "अपमानजनक टिप्पणी" करने के लिए कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दारेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की एक घटक है। अपने सत्ता-विरोधी विचारों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले कामरा ने पिछले साल एक पैरोडी गीत में शिंदे को निशाना बनाया था और उन्हें परोक्ष रूप से "गद्दार" कहा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पटकथा लेखक सलीम खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि 90 वर्षीय पटकथा लेखक को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटकथा लेखक के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### हंगरी-अमेरिका में परमाणु समझौता

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गयी छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है।

### हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी में तीन मरे

**आइलैंड।** रोड आइलैंड में एक हॉकी मैच के दौरान सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पॉटकेट की पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने संवाददाताओं से कहा कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लक्ष्य बनाकर की गई गोलीबारी थी। इसका कारण संभवत: कोई पारिवारिक विवाद है। गोंकाल्वेस ने संदिग्ध के बारे में या मारे गए लोगों की उम्र के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध के अलावा मारे गए अन्य दो लोग वयस्क थे।

### स्पेन में इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्व स्पेन की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य मामूली रूप से झुलस गए। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मैनलेउ में पांच मंजिला इमारत के भंडारण कक्ष में आग लगी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पीड़ित इमारत से बाहर क्यों नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चला है।

### जेसी जैक्सन का 84 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गए। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था।

# डीपफेक पर ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत

## केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, उद्योग जगत से सरकार की बातचीत जारी

- मंत्री बोले-सभी को देश के कानूनी ढांचे का पालन करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। डीपफेक, कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है।

मंत्री ने कहा कि डीपफेक और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके। मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि डीपफेक की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि डीपफेक पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। एआई इम्पैक्ट समिट से इतर संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमें डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इन्हें व्यापक रूप से सभी के लिए उपलब्ध कराने को एक विशाल अवसंरचना तैयार करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा कि यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जानकारी के लिए विभिन्न स्टालों पर उमड़े लोग।

### पहले दिन हुई असुविधा पर जताया खेद

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को खेद जताया और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक दल लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक दल, लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा, अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मुझे खेद है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### समिट में शामिल होना न होना व्यक्तिगत निर्णय

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी।

### एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार दिग्गज बिल गेट्स यहां चल रहे एआई इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। फाउंडेशन के इस ऐलान से उन खबरों पर विराम लग गया है जिनमें कहा गया था कि गेट्स इस सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। फाउंडेशन ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सम्मेलन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी देश है, जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े प्रतिभाशाली विशेषज्ञों का समूह है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से इसे अपनाने और बड़े पैमाने पर नवाचार की शक्ति भारत के पास है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के प्रयोग में नैतिकता महत्वपूर्ण

- एआई इंपैक्ट सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन भारतजेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नयी पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि भारतजेन सरकारी स्वामित्व



वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है।

# विश्व समुदाय के एजेंडे में भारत का योगदान अहम

- एआई समिट संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की टिप्पणी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां कृत्रिम मेधा पर ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाले पहले शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले कीं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। गुतारेस ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी भारत अहम शक्ति बन गया है, वो भी ऐसी दुनिया में जहां हम लोकतंत्र को संकट में देखते हैं।

# भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा

- वैश्विक आर्थिक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है।

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की।

### अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है दुनिया




जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जो हमारे जीवनकाल में संभवत: सबसे अधिक उथल-पुथल भरा युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवाओं, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में उत्पादन के वैश्विक समीकरण में भारत की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका हर कीमत पर पुन: औद्योगीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है और यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके भविष्य के लिए अहम महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर चीन का लगातार ध्यान है तथा इसमें संभवत: और भी विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज और ध्रुवीकृत होती जा रही है, ऊर्जा व्यापार के प्रवाह में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है और नए दृष्टिकोण सैन्य तरीके अपनाने सहित अधिक जोखिम को बढ़ावा दे रहे हैं।

# ट्रंप को जिनेवा में ईरान से समझदारी की उम्मीद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जून 2025 में हुए हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा है कि जिनेवा में होने वाली बैठक में ईरान से समझदारी की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में होने वाली उच्च स्तरीय परमाणु वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर हुए अमेरिकी हमलों का उल्लेख करते हुए ईरान से बातचीत के दौरान तर्कसंगत रुख अपनाने की अपील की। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं इन वार्ताओं में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहूंगा और ये बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मुझे उम्मीद है कि वे (ईरान) अधिक तर्कसंगत होंगे।

जिनेवा बैठक में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जेरेड कुशनर के शामिल होने की संभावना है। समझौते की संभावनाओं पर ट्रंप ने कहा कि ईरान पारंपरिक रूप से कड़ा रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले वर्ष अमेरिकी हमलों से उसने सबक लिया है और अब वार्ता के लिए अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम चाहते हैं।

### तीन घंटे तक चली दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

**जिनेवा।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का नवीनतम दौर लगभग तीन घंटे की बैठक के बाद समाप्त हो गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। जिनेवा में यह वार्ता ऐसे समय में हुई, जब ईरान ने सैन्य अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी बंद किया

**जिनेवा।** ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों में वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है।

# गुजरात तट से 200 किग्रा रासायनिक पदार्थ जब्त

- तटरक्षक बल और एटीएस ने दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और तटरक्षक बल ने गुजरात तट से दूर समुद्र में 200 किलोग्राम से अधिक रसायनिक पदार्थ के साथ दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा है।

एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस को पोरबंदर तट से लगभग 140 समुद्री मील दूर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट भारतीय जलक्षेत्र में संदिग्ध रसायन लाए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल के साथ आठ से दस घंटे तक चलाए गए एक संयुक्त अभियान में सोमवार को रात करीब आठ बजे दो ईरानी नागरिकों को संदिग्ध रसायनों की 203 थैलियों के साथ पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध रसायनिक पदार्थ को प्रथम दृष्टया ईरान से एक स्पीड बोट पर लाया जा रहा था और इसे पंजाब के एक व्यक्ति को सौंपा जाना था। उन्होंने बताया कि स्पीड बोट को जब्त कर लिया गया और सफेद पाउडर वाली थैलियों को आगे की फोरेंसिक जांच के लिए पोरबंदर तटरक्षक स्टेशन लाया गया।

# पाकिस्तान आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों, बच्चे की मौत

- खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर उड़ाई विस्फोट भरी गाड़ी

पेशावर, एजेंसी


उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हताशा में हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति: 18 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 16.57 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 21.16 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** — आज समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज किसी को उधार न दें। आपके पास अत्यधिक काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की संभावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** — आज किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** — आज कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें।

**तुला** — आज शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव की कुछ योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आप से प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**धनु** — आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि के अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मकर** — आज अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** — आज आप व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन** — आज आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।


## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |



भारत से हार के बावजूद टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है। सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया।

–उस्मान तारिक


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

कानपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका–यूएई | पूर्वाह्न 11 बजे |
| नामीबिया–पाकिस्तान | दोपहर 3 बजे |
| भारत–नीदरलैंड्स | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत हुए बाहर हार्दिक संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0–8 की शर्मनाक हार भी शामिल है।

### वनडे टीम का हिस्सा बनीं प्रतिका रावल

**नई दिल्ली।** प्रतिका रावल को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में 16वीं खिलाड़ी के रूप में जोड़ा गया है। ये सीरीज फिलहाल चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद खेली जाएगी। 26 अक्तूबर से ही चोट के कारण मैदान से दूर चल रही रावल को इससे पहले टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी जल्दी होगी।

### भगत की निगाहें एशियाई खेलों पर

**नई दिल्ली।** डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया।



# ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर फिरा पानी, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**पल्लेकल, एजेंसी**

- सुपर-8 में 26 फरवरी को भारत से टकराएगा जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा, लेकिन फोकस अगले मैच पर है।

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे। रजा ने कहा मैं और कोच मिलकर श्रीलंकाई टीम के बारे में विश्लेषण करेंगे और यह मैच जीतने की कोशिश करेंगे। क्वालीफाइंग से हमारा लक्ष्य नहीं बदला है। हमें यह मैच भी जीतना है। पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

### सुपर-8 में भारत के मुकाबले

| बनाम | तारीख | मैदान | समय |
|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई शाम | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |



### पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला

**कोलंबो।** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

# अहमदाबाद को अभिषेक शर्मा से आक्रामक पारी का इंतजार


## टी-20 विश्व कप : स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है।

अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें।



अभ्यास करते कुलदीप यादव व अर्शदीप सिंह। एजेंसी




### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन–कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

# नेपाल ने स्कॉटलैंड को हराकर पहली जीत दर्ज की



शॉट लगाते नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

नेपाल ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया।

नेपाल का अभियान चार मैचों में एक जीत के साथ खत्म हुआ। स्कॉटलैंड की चार मैचों में यह तीसरी हार है।

स्कॉटलैड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 गेंद में नाबाद 50 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने 43 जबकि आसिफ शेख ने 33 रन का योगदान दिया। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने तीन विकेट लिए।



न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र (दाएं), कनाडा के खिलाड़ियों के साथ।

# फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

# टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए युवराज समरा

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल 141 दिन के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी–20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। वह इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम सिक्सर किंग भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। उनकी यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।



- भारतीय सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है इस कनाडा खिलाड़ी का नाम

### टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

19 वर्ष 141 दिन – युवराज सामरा (कनाडा) बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई, 2026

22 वर्ष 127 दिन – अहमद शहजाद (पाकिस्तान) बनाम बांग्लादेश, मीरपुर, 2014

23 वर्ष 156 दिन – सुरेश रैना (भारत) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2010

मुझे लगता है कि इस पारी से मेरा जीवन बदल सकता है। मैं खेल में कैरियर बना सकता हूं। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा होगा। मैं हमेशा से इस पल, इस दिन और रात के बारे में सोचता था। मैं विश्व कप में नाम कमाना और खेल में कैरियर बनाना चाहता था। कनाडा में यह आसान नहीं है क्योंकि खेलने के लिये तीन महीने ही मिलते हैं। बाकी समय माइनस 25 या 30 तापमान रहता है। हमने श्रीलंका में अभ्यास किया।

–युवराज समरा

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल** | 736 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 पर चटका दिए

# उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

**लखनऊ, एजेंसी**

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिए। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिये थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है।

स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाये थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है। कर्नाटक के लिये पाटिल ने दो विकेट चटकाये। कर्नाटक ने 81 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी (नाबाद 52) और जगदीशा सुचित (21) ने पांचवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। सुचित को भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया जिससे उत्तराखंड का स्कोर पांच विकेट पर 124 रन हो गया। लक्ष्य और सौरभ रावत (10) क्रीज पर टिके हुए हैं।



बंगाल के सूरज सिंधु जायसवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू और कश्मीर के औकिब नबी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर फाइनल में पहुंचने के करीब

**कल्याणी।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही। नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी।

# यामल पेनाल्टी से चूके, बार्सिलोना एक सप्ताह में दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी**

लामिन यामल पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया।



स्पेन के गिरोना जोएल रोका से बहस करते बार्सिलोना लामिन यामल। एजेंसी